दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 5 दिसंबर 2022, शुक्ल पक्ष दशमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-11 अंक-273 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

समझ में नहीं आता कि गुजरात विधानसभा के चुनाव हो रहे हैं या विभिन्न राजनीतिक दलों के बीच बदजुबानी की प्रतियोगिता हो रही है। जनहित से जुड़े मुद्दों की बात करने की जगह एक दूसरे पर शब्द बाण चलाने की होड़ लगी हुई है। जिन शब्दों को असंसदीय घोषित कर दिया गया है उसका चुनावी सभाओं में खुलकर उपयोग किया जा रहा है। जिस तरह बरसात आने पर मेंढक टर्राते है ठीक उसी तरह चुनाव आने पर बयानवीर नेता गाल बजाते है। बेतुकी और अभद्र टिप्पणी कर खबरों की सुर्खियां बन जाते है और अपने हाथों अपनी पार्टी की नैया डूबाते है।

//-- सुविचार --//

लगातार श्रम करना ही सफलता का साथी है, इसलिए श्रम को सकारात्मक बनाएं विनाशक नहीं।

सूर्योदय

उदय : 6:58 प्रात:

अस्त : 5:36 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 8,003,517,773

भारत : 1,413,575,927

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी : अवकाश

गोल्ड : 54,100 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 65,200 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 5.46 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	30.0	16.5
बिलासपुर	28.4	15.4
जगदलपुर	30.4	17.6
अंबिकापुर	23.1	11.6

आज का दिवस

विश्व मृदा दिवस

हर साल 5 दिसंबर को दुनिया भर में विश्व मृदा दिवस मनाया जाता है। विश्व मृदा दिवस, जनसंख्या विस्तार की वजह से बढ़ रही समस्याओं को उजागर करता है। 2002 में अंतरराष्ट्रीय मृदा विज्ञान संघ ने 5 दिसंबर को हर साल विश्व मृदा दिवस मनाने की सिफारिश की थी। साथ ही खाद्य और कृषि संगठन ने भी विश्व मृदा दिवस की औपचारिक स्थापना को वैश्विक जागरुकता बढ़ाने वाले मंच के रूप में थाईलैंड के नेतृत्व में समर्थन दिया। एफएओ के सम्मेलन ने सर्वसम्मति से जून 2013 में विश्व मृदा दिवस का समर्थन किया और 68 वें संयुक्त राष्ट्र महासभा में इसको आधिकारिक रूप से मनाए जाने का अनुरोध किया।

भानुप्रतापपुर विस उपचुनाव के लिए वोटिंग आज, 1.95 लाख 822 मतदाता डालेंगे वोट

■ कांग्रेस से सावित्री मंडावी तो बीजेपी से ब्रम्हानंद नेताम चुनावी मैदान में

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर विधानसभा के लिए उपचुनाव आज होगा। वोटिंग सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। मतदान के नतीजे 8 दिसंबर को आएंगे। भानुप्रतापपुर उपचुनाव में 256 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें 1100 से अधिक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। 256 में से 82 मतदान केंद्र संवेदनशील के दायरे में है, जबकि 17 मतदान केंद्र अतिसंवेदनशील के अंतर्गत आते हैं। इसे देखते हुए पुलिस और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भाजपा व कांग्रेस में सीधा मुकाबला

भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस व बीजेपी के बीच सीधा मुकाबला है। कांग्रेस ने दिवंगत मनोज मंडावी की पत्नी सावित्री मंडावी को उपचुनाव में प्रत्याशी बनाया है। जबकि बीजेपी ने ब्रह्मानंद नेताम को प्रत्याशी बनाया है। ब्रह्मानंद नेताम भानुप्रतापपुर से साल 2008 में विधायक रह चुके हैं। मनोज मंडावी को एक बार हरा चुके हैं। आदिवासी संगठनों में इनकी पैठ अच्छी मानी जाती है। इस बार भाजपा आदिवासी आरक्षण के मुद्दे के साथ चुनाव में है। नेताम की समाज में पैठ का फायदा भाजपा को मिल सकता है, लेकिन उन पर नाबालिग लड़की से गैंगरेप और उसे देह व्यापार में धकेलने का आरोप है, ये बात बीजेपी के खिलाफ जा रही है। इसका नुकसान उसे उठाना पड़ सकता है। वहीं सावित्री मंडावी को लोगों की सहानुभूति वोट मिलने की भी संभावना है।

प्रदेश में चार सालों में पांचवीं बार हो रहा है उपचुनाव

छत्तीसगढ़ के 22 सालों में अब तक 13 बार उपचुनाव हो चुके हैं। अब तक सबसे अधिक चार उपचुनाव 2008-13 के दौर में हुए। उस समय देवव्रत सिंह के सांसद बन जाने से खाली खैरागढ़ सीट पर उपचुनाव हुए। केशकाल में महेश बघेल, भटगांव में रविशंकर त्रिपाठी और संजारी बालोद में मदनलाल साहू के निधन के बाद उप चुनाव की नौबत आई। 2018 से 2023 के पहले चार सालों में चार उपचुनाव पहले ही हो चुके हैं। पहला उपचुनाव दंतेवाड़ा से भाजपा विधायक भीमा मंडावी की हत्या के बाद कराया गया। दीपक बैज के सांसद चुन लिए जाने पर चित्रकोट में नया विधायक चुना गया। अजीत जोगी के निधन से खाली मरवाही विधानसभा और देवव्रत सिंह के निधन से खाली खैरागढ़ में उपचुनाव हुआ है। पिछले चार सालों में यह पांचवां उपचुनाव होगा। इस लिहाज से यह भी अपने आप में रिकॉर्ड है।

कांग्रेस का 85वां राष्ट्रीय अधिवेशन रायपुर में, देशभर के जुटेंगे कांग्रेसी

■ सीएम भूपेश बोले- ये हमारे लिए ऐतिहासिक, फरवरी में होगी बैठक

नयी दिल्ली/रायपुर। कांग्रेस ने कहा है कि पार्टी के नव निर्वाचित अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ताजपोशी के बाद पार्टी का 85वां अधिवेशन छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल तथा संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने संचालन समिति की बैठक के बाद यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अधिवेशन तीन दिन का होगा और यह फरवरी के दूसरे पखवाड़े में

बैठक में शामिल हुए सीएम

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल दिल्ली पहुंचकर कांग्रेस की संचालन समिति की अहम बैठक में शामिल हुए। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा गठित कांग्रेस संचालन समिति की पहली बैठक है। इस बैठक में तय हुआ है कि, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 85वां अधिवेशन रायपुर में होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट करके ये जानकारी देते हुए कहा है कि, मुझे बताते हुए खुशी है कि स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 85वां अधिवेशन रायपुर में फरवरी माह में होगा। यह हमारे लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण पल होगा।

26 जनवरी से 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान

कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद पार्टी की जनता से जुड़ने की गतिविधियां जारी रहेगी इसलिए 26 जनवरी से 26 मार्च तक 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान देशभर में चलाया जाएगा। यह अभियान गांव, ब्लॉक, जिला तथा प्रदेश स्तर पर होगा जिसमें सभी प्रमुख नेता हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि देश के समक्ष गंभीर सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक चुनौतियां हैं जिनको लेकर के संचालन समिति में व्यापक स्तर पर चर्चा हुई। इन समस्याओं से निपटने के लिए सामूहिक अभियान चलाकर और सभी कार्यकर्ताओं को जोड़कर चुनौतियों से निपटने का निर्णय लिया गया।

बैठक में राहुल की जमकर प्रशंसा

: बैठक में भारत जोड़ो यात्रा को लेकर हुई चर्चा में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के प्रयासों की प्रशंसा की गई और उम्मीद जताई गई कि जिस तरह से यात्रा को जनसमर्थन मिल रहा है उसे देखते हुए उम्मीद जताई गई कि पार्टी इस यात्रा के माध्यम से अपना व्यापक जनाधार तैयार कर सकेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में 24 दिसंबर को यात्रा पहुंचेगी और करीब चार दिन तक यात्रा स्थगित रहेगी। इस दौरान यात्रा में शामिल कंटेनरों की मरम्मत की जाएगी और उत्तर भारत में लगातार बढ़ रही सर्दी की मद्देनजर कंटेनरों में हीटर लगाने जैसी व्यवस्था भी की जाएगी।

गांधीनगर पहुंचे पीएम मोदी, मां हीरा बा से की मुलाकात, आज डालेंगे वोट

अहमदाबाद (ए.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अहमदाबाद पहुंच चुके हैं। वह आज गुजरात के दूसरे चरण में अपना मतदान करेंगे। पीएम मोदी रविवार शाम को गांधीनगर पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी मां हीराबा से मुलाकात की। बता दें कि गुजरात में दूसरे चरण के लिए आज वोटिंग होगी। 8 दिसंबर को नतीजे सामने आएंगे। इससे पहले यूपी फतेह के बाद पीएम मोदी गुजरात दौरे पर पहुंचे थे। तब उन्होंने दो साल बाद अपनी मां हीराबेन से मुलाकात की थी। साल 2019 में लोकसभा चुनाव में इतिहास बनाने के बाद नरेंद्र मोदी मां से मिले थे। लेकिन उसके बाद से पीएम अपने कार्यक्रमों में व्यस्त हो गए और उनकी अपनी मां से मुलाकात नहीं हो पाई। ऐसे में अब जब वे दो दिन के गुजरात दौरे पर आए, तो उन्होंने अपनी मां हीराबेन से मिलने का भी वक्त निकाला।

ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी केस की सुनवाई आज

वाराणसी। श्रृंगार गौरी-ज्ञानवापी मामले में सोमवार 5 दिसंबर को वाराणसी जिला कोर्ट में सुनवाई होनी है. हाईकोर्ट के आदेश पर ज्ञानवापी से जुड़ी याचिकाओं पर जिला कोर्ट सुनवाई करेगी. हालांकि कार्बन डेटिंग का डिस्पोजल ना हो पाने के कारण हाईकोर्ट ने सुनवाई के लिए 18 जनवरी के बाद की तारीख तय करने के लिए जिला जज को कहा है. जिसके बाद बताया जा रहा है कि आज होने वाली सुनवाई में आगे की तारीख दी जाएगी. दरअसल, ज्ञानवापी से संबंधित 7 मुकदमों के

जिला जज की अदालत में टीपी यानी ट्रांसफ र एप्लीकेशन पर सुनवाई होगी. जिसमें 6 सिविल जज सिनियर और 1 केस किरण सिंह की फास्ट ट्रेक कोर्ट का केस चल रहा है. हिंदूओं को ज्ञानवापी सौंपने और मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक वाले किरण सिंह के केस में हिंदू पक्ष पहले ही टीपी पर आपत्ति दाखिल कर चुका है. इसलिए कल इस मामले की फस्ट ट्रेक कोर्ट से केस को जिला जज की अदालत में ट्रांसफर किए जाने पर जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में सुनवाई होगी।

रोमांचक मैच में 1 विकेट से हारा भारत, आखिरी विकेट नहीं ले सके भारतीय बॉलर्स

नई दिल्ली (ए.)। टीम इंडिया को वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में एक विकेट की करारी हार झेलनी पड़ी। इस शिकस्त के बाद भारतीय टीम 3 मुकाबलों की सीरीज में 0-1 से पिछड़ गई है। सांसें थाम देने वाले इस मुकाबले में कई उठा-पटक देखने को मिले। कभी भारत ड्राइविंग सीट पर रहा, तो कभी बांग्लादेश। इस लो-स्कोरिंग मुकाबले में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। भारत की पारी

41.2 ओवर में 186 रन के स्कोर पर सिमट गई। केएल राहुल ने सबसे ज्यादा 73 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम ने 46वें ओवर में नौ विकेट पर जीत के लिए जरूरी रन बना डाले। बांग्लादेश की जीत के हीरो मेहदी हसन मिराज और मुश्तफिजुर रहमान रहे। जिन्होंने आखिरी विकेट के लिए 54 रनों की साझेदारी की। टीम ने 136 के स्कोर पर 9वां विकेट गंवाया था। उसके कप्तान लिटन दास ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। भारत के लिए मोहम्मद सिराज ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। बांग्लादेश के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया 41.2 ओवर में 186 रन के स्कोर पर सिमट गई।

दिल्ली की एयर क्वालिटी फिर खराब निर्माण और तोड़फोड़ के कामों पर लगा बैन

नई दिल्ली (ए.)। दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब होने के कारण फि र से निर्माण और तोड़फ ोड़ गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने रविवार (4 दिसंबर) को एक्यूआई के गंभीर श्रेणी में जाने पर ये फैसला लिया है. इससे पहले पिछले महीने भी केंद्र के वायु गुणवत्ता पैनल ने अधिकारियों को आवश्यक परियोजनाओं को छोड़कर, दिल्ली-एनसीआर में सभी निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था. कुछ दिन बाद एक्यूआई में सुधार होने पर उस प्रतिबंध को हटा दिया गया था. हालांकि अब एक बार फि र से खराब होती वायु गुणवत्ता को देखते हुए इस प्रतिबंध को लागू कर दिया गया है. दिल्ली में रविवार को एक्यूआई 400 मापा गया, जो शनिवार को दर्ज किए गए एक्यूआई से भी खराब था. सिस्टम ऑफ एयर क्वालिटी एंड वेदर फ ोरकास्टिंग एंड रिसर्च के अनुसार, शनिवार को दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक 323 दर्ज किया गया था. दिल्ली की वायु गुणवत्ता लगातार पांचवें दिन 'बेहद खराब' श्रेणी में रही. शुक्रवार को सुबह एक्यूआई 335 रिकॉर्ड किया गया था।

अफगानिस्तान में भारत ने फिर जमाए पैर, पाकिस्तान के लिए बड़ी टेंशन

नई दिल्ली। अफगानिस्तान में दोबारा पैर रखने में दुनिया के ज्यादातर देश घबराते हैं। हालांकि भारत ने एक बार फिर तालिबान के कब्जे वाले अफगानिस्तान में पैर जमा लिए हैं। जापान ने भी अफगानिस्तान में दोबारा अपना दूतावास शुरू करने से पहले भारत से ही वहां का फीडबैक लिया है। अक्टूबर में जापान ने अपना दूतावास फिर से खोल दिया है। इसके पीछे भारत से मिली जानकारी की अहम भूमिका है। अफगानिस्तान में तालिबान के हमले के बाद भारत ने अपने सभी लोगों को वापस बुला लिया था। तालिबान के कब्जे के बाद भारत को भी अंदेशा था कि अब पाकिस्तान की पैठ अफगानिस्तान में बढ़ जाएगा और इससे भारत की रणनीतिक साझेदारी पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा। पाकिस्तान के तत्कालीन आईएसआई चीफ फैज हमीद 2021 में तालिबानी सरकार बनवाने में मदद करने काबुल पहुंचे थे। लेकिन एक साल बाद ही स्थिति पूरी तरह से उल्टी हो ई। अब अफ गान तालिबान और पाकिस्तानी सेना के बीच ही ठन गई है। तालिबान ने दुरांद लाइन को अंतरराष्ट्रीय सीमा मानने से इनकार कर दिया है।

करोड़ों की नकली दवाएं बरामद, ब्रांडेड नाम कर रहे थे यूज

नई दिल्ली। देश में नकली दवाओं के रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। यह नकली दवाएं नामी कंपनियों के ब्रांड नाम से तैयार की गई थीं। केंद्रीय औषधि एजेंसी ने देशभर की दवा लाइसेंसिंग अथॉरिटीज को इस बारे में अलर्ट किया है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के मुताबिक बद्दी स्थित त्रिजल फ ॉर्मूलेशन में यह नकली दवाएं तैयार की गई हैं। ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया वीजी सोमानी को इस बारे में हिमाचल के ड्रग कंट्रोलर नवनीत मारवाह ने रिपोर्ट दी थी। इसके बाद वीजी सोमानी ने एक दिसंबर को जरूरी निर्देश जारी किए गए थे। ड्रग्स कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन ने 22 से 24 नवंबर के बीच एक कार, दो गोदाम और बद्दी स्थित त्रिजल फॉर्मूलेशन के गैरआधिकारिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से यह नकली दवाएं बरामद की हैं। द ट्रिब्यून के मुताबिक इन नकली दवाओं की कुल वैल्यू एक करोड़ से ज्यादा बताई गई है। सीज की गई दवाओं में मोंटेयर, अटोर्वा, रोजडे, जीरोडॉल, टीएच4, डायटर, दिलजेम एसआर, यूरिस्पास और बायोडी3 कैप्सूल हैं।

गरमा-गरम

फैसला... हाईकोर्ट ने 1894 के पुराने कानून के तहत ली गई भूमि के मामलों में अधिग्रहण की कार्रवाई को समाप्त कर दिया था

मुआवजा न लेने पर भू-अधिग्रहण को रद्द करना गलत : सुको

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने पुराने कानून के तहत भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई के मामलों में संशय के बादल हटाते हुए हाईकोर्ट के 10 से ज्यादा फैसलों को निरस्त कर दिया है। हाईकोर्ट ने 1894 के पुराने कानून के तहत ली गई भूमि के मामलों में अधिग्रहण की कार्रवाई को समाप्त कर दिया था और नए कानून (2013) के तहत बढ़ा हुआ मुआवजा देने के आदेश दिए थे। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दस एसएलपी दायर कर हाईकोर्ट के आदेशों को चुनौती दी थी। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस सीटी

रविकुमार की पीठ के समक्ष शुक्रवार को सुनवाई हुई। सभी मामलों में कहीं मुआवजा नहीं उठाया गया था, कहीं मुआवजा दिया गया था तो स्वीकार नहीं किया गया था। कहीं मामला पांच साल से कोर्ट में लंबित था, कहीं मुआवजा कोर्ट में जमा था लेकिन किसान ने उसे नहीं उठाया था। कहीं मुआवजा बढ़ाने की कार्रवाई कोर्ट में लंबित थी, तो कहीं सरकार ने भूमि का कब्जा लिया था। कहीं कब्जा ले लिया पर मुआवजा नहीं दिया था। संविधान पीठ ने कहा था कि नए कानून की धारा 24(2) के तहत यदि मामला उपरोक्त में से कोई है तो उसको समाप्त मानकर नए कानून के तहत फिर से अधिग्रहण किया जाएगा।

अधिग्रहण की कार्रवाई रद्द नहीं होगी

यदि अवार्ड 1 जनवरी 2014 (नए कानून के लागू होने की तिथि) को नहीं हुआ है तो अधिग्रहण लेप्स नहीं होगा बल्कि मुआवजा 2013 के कानून के निर्धारित किया जाएगा। यदि अवार्ड 5 साल के अंदर और कोर्ट के अंतरिम आदेश से हो गया है तो अधिग्रहण निरस्त नहीं होगा। यदि अथॉरिटी की लापरवाही के कारण कानून के लागू होने से पांच साल पूर्व तक न तो मुआवजा दिया और न ही कब्जा लिया गया तो लेप्स मानी जाएगी। मुआवजा दे दिया है और कब्जा नहीं लिया है या कब्जा ले लिया है और मुआवजा नहीं दिया है तो कार्रवाई लेप्स नहीं होगी। कोर्ट में मुआवजा जमा नहीं करने पर अधिग्रहण लेप्स नहीं होगा, यदि अधिग्रहण में अधिकतर भूस्वामियों के पक्ष में मुआव पुराने की कानून की धारा 4 की अधिसूचना के दिन तक नहीं जमा किया गया है तो सभी भूस्वामियों को मुआवजा 2013 के एक्ट के तहत मिलेगा।

दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसले में गलती की

पुराने कानून के तहत भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई के मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि दिल्ली हाईकोर्ट ने इसमें गलती की है। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस सीटी रविकुमार की पीठ के समक्ष ये मामले शुक्रवार को आए थे। राज्य सरकार ने दस एसएलपी दायर की थीं और हाईकोर्ट के आदेशों को चुनौती दी थी। पीठ ने मामलों की सुनवाई की। कहा कि दिल्ली हाईकोर्ट ने इन मामलों में गलती की है कि उसने पुणे म्यूनिसिपल कारपोरेशन तथा अन्य बनाम हरकचंद्र मिश्रीलाल सोलंकी आदि (2014) के फैसले में दी गई व्यवस्था को देखा और घोषित कर दिया कि 1894 के कानून के भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई 2013 के कानून की धारा 24(2) के तहत लेप्स हो गई है क्योंकि भूस्वामी को मुआवजा नहीं दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि संविधान पीठ की व्यवस्था आने के बावजूद हाईकोर्ट इन मामलों को विचारित कर रहा है, यह सही नहीं है उसे नया फैसला लागू करना चाहिए।

संपादकीय

चुनाव में तेज होती जुबानी जंग

गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान राजनीतिक पार्टियां जनहित से जुड़े मुद्दों की चर्चा करने की जगह बयानवीर नेताओं पर आश्रीत हो गई है जो आपस में जुबानी जंग करके चुनाव जीतना चाहते है। दरअसल हर चुनाव में यही होता रहा है। पार्टी के बड़बोले नेता एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने के बहाने व्यक्तिगत टीका टिप्पणी करने लगते है। एक दूसरे पर कीचड़ उछालने लगते है। ऐसा करने से उनकी जनसभाओं में उपस्थित भीड़ जो ज्यादातर पार्टी के समर्थक होते है वे उनकी बेतुकी बातों पर तालिया भी बजाते है। इसके उत्साहित होकर वे और भी ज्यादा बदजुबानी करने लगते है। किन्तु उनकी इस बदजुबानी खामियाजा उनकी पार्टी को भूगतना पड़ता है। क्योंकि आम जनता ऐसी अपवित्र भाषा का कतई पंसद नहीं करती। गुजरात विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मधुसुदन मिस्त्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकी औकात दिखाने की बात करके विवाद खड़ा कर दिया था। अब कांग्रेस के ही एक और नेता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए उन्हें भषमासुर कह दिया है। इसके पहले भी पिछले चुनाओं के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मौत का सौदागार, चोर, राक्षस, हिटलर और नीच व्यक्ति तक कहा जा चुका है। यह अलग बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को जितनी गालिया दी गई या उनके प्रति अपशब्दों का प्रयोग किया गया उतना ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र की लोकप्रियता का ग्राफ ऊंचा उठता गया और कांग्रेस को हर चुनाव में इसका दूष्परिणाम भूगतना पड़ा। इसके बावजूद उसके बयानवीर नेता विवादास्पद बयानबाजी करने और अभद्र टिप्पणी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। उनके इस तरह के बयानों से पार्टी को जो नुकसान पहुंच रहा है उसकी उन्हें कतई कोई चिंता नहीं है। सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही नहीं भाजपा और आम आदमी पार्टी सहित अन्य राजनीतिक पार्टियों में भी ऐसे बड़बोले नेताओं की भरमार है जो चुनाव के दौरान ही मुखर होते है और अपनी विवादास्पद बयानबाजी से खबरों की सुर्खियां बनते है। सभी राजनीतिक पार्टियों को चाहिए कि वे ऐसे बड़बोले नेताओं की जुबान पर लगाम लगाने के लिए कड़े दिशा निर्देश जारी करें। क्योंकि उनके बयानों से पार्टी की ही छवि धूमिल होती है। चूंकि चुनाव आयोग ऐसे बयानों पर रोक लगाने में सक्षम नहीं है इसलिए राजनीतिक पार्टियों को ही इस बारे में गहन विचार कर उचित कदम उठाना चाहिए ताकि चुनाव के दौरान राजनीतिक सूचिता बनी रहें और विवादास्पद बयानबाजी के कारण राजनीतिक पार्टियों के नेताओं के बीच शब्दबाण चलाने की होड़ ना लगे। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी राजनीतिक दल इस बारे में मंथन कर समय रहते उचित कदम उठाएंगे। अन्यथा बयानवीर नेताओं के बीच चलने वाली इस अप्रिय प्रतिस्पर्धा का खामियाजा उन्हें भूगतना पड़ेगा।

विचार

डॉक्टरी को ठगी का धंधा न बनाएं

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

कर्नाटक और गुजरात के मेडिकल कॉलेजों ने गज़ब कर दिया है। उन्होंने अपने छात्रों की फीस बढ़ाकर लगभग दो लाख रु. प्रति मास कर दी है। याने हर छात्र और छात्रा को डॉक्टर बनने के लिए लगभग 25 लाख रु. हर साल जमा करवाने पड़ेंगे। यदि डॉक्टरी की पढ़ाई पांच साल की है तो उन्हें सवा करोड़ रु. भरने पड़ेंगे। आप ही बताइए कि देश में कितने लोग ऐसे हैं, जो सवा करोड़ रु. खर्च कर सकते हैं? लेकिन चाहे जो हो, उन्हें बच्चों को डॉक्टर तो बनाना ही है। तो वे क्या करेंगे? बैंकों, निजी संस्थाओं, सेठों और अपने रिश्तेदारों से कर्ज लेंगे, उसका ब्याज भी भरेंगे और बच्चों को किसी तरह डॉक्टर की डिग्री दिला देंगे। फिर वे अपना कर्ज कैसे उतारेंगे? या तो वे कई गैर-कानूनी हथकंडों का सहारा लेंगे या उनका सबसे सादा तरीका यह होगा कि वे अपने डॉक्टर बने बच्चों से कहेंगे कि तुम मरीजों को ठगो। उनका खून चूसो और कर्ज चुकाओ। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए आजकल निजी अस्पतालों में जबर्दस्त लूट-पाट मची हुई है। उनके कमरे पांच सितारा होटलों के कमरों से भी ज्यादा सजे-धजे होते हैं। किसी मरीज़ की एक बीमारी के कारण का पता करने के लिए डॉक्टर लोग दर्जनों 'टेस्ट' करवा देते हैं। और फिर दवाइयां भी ऐसी बता देते हैं, जिससे रोगी का रोग द्रौपदी का चीर बन जाए ताकि उससे मोटी राशि वसूली जा सके। हमारे डॉक्टर अपना धंधा शुरु करने के पहले यूनानी दार्शनिक के नाम से चली 'हिप्पोक्रेटिक शपथ' लेते हैं, जिसमें आदर्श और नैतिक आचरण की ढेरों प्रतिज्ञाएं हैं। क्या वे उनका पालन सच्चे मन से कभी करते हैं? उनके उल्लंघन से ही उनका पालन ज्यादातर डॉक्टर करते हैं। उन डॉक्टरों की पढ़ाई की यह लाखों रु. फीस इस उल्लंघन का सबसे पहला कारण है। हमारे सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर घोर आपत्ति की है। उसने एक याचिका पर अपना फैसला देते हुए कहा है कि जिन कॉलेजों ने अपनी फीस में कई गुना वृद्धि कर दी है, यह शुद्ध लालच का प्रमाण है। यह कॉलेज के प्रवेश और फीस-निर्णायक नियमों का सरासर उल्लंघन है। इस तरह की फीस के दम पर बने डॉक्टरों से सेवा की उम्मीद करना निरर्थक है। इसका एक गंभीर दुष्परिणाम यह भी होगा कि गरीब, ग्रामीण और मेहनतकश तबकों के बच्चे डॉक्टरी शिक्षा से वंचित रह जाएंगे। वे इतनी मोटी फीस कैसे भरेंगे? नतीजा यह होगा कि हमारे डॉक्टरों में ज्यादा वही होंगे, जिनके माता-पिता ऊँची जातियों के होंगे, मालदार होंगे, शहरी होंगे और शिक्षित होंगे। इस तरह के वर्गों से आनेवाले युवा डॉक्टरों में सेवा का विनम्र भाव कितना होगा, इसका अंदाज आप स्वयं लगा सकते हैं।

निरन्तर बढ़ रही है भारतीय नौसेना की ताकत

योगेश कुमार गोयल

इसी कड़ी में आईएनएस कलवरी, खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को भी नौसेना में शामिल किया जा चुका है, जो अत्याधुनिक मशीनरी और टैक्नोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को 'साइलेंट किलर' कहा जाता है, जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती। कुल मिलाकर, भारतीय नौसेना की ताकत दिनों-दिन बढ़ रही है और वर्तमान में इसकी ताकत के आगे पाकिस्तानी नौसैना कहीं नहीं ठहरती तथा चीन की चुनौतियों का भी हमारी नौसेना डटकर मुकाबला कर रही है।

भारतीय नौसेना के जांबाजों को याद करते हुए प्रतिवर्ष 4 दिसम्बर को 'भारतीय नौसेना दिवस' मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 3 दिसम्बर 1971 को पाकिस्तानी सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तानी नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर 'ऑपरेशन ट्राइडेंट' चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे।

भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया था और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा था। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तानी नौसेना की कमर टूट गई थी। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए 4 दिसम्बर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई।नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरुआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफइंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय

नौसेना मुख्य रुप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है 'शं नो वरूणः' अर्थात् जल के देवता वरूण हमारे लिए मंगलकारी रहें। भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए 'ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन' के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम 'ईस्ट इंडिया मरीन' से बदलकर 'बॉम्बे मरीन' कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था। वर्ष 1892 में इसका नाम 'रॉयल इंडियन नेवी' रखा गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन फिर से किया गया और 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी (भारतीय नौसेना) कर दिया गया।

भारत का इस साल का रक्षा बजट करीब 5.25 लाख करोड़ रुपये है और सैन्य ताकत के मामले में भारत दुनिया का चौथा सबसे शक्तिशाली देश है। भारत के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही भारतीय नौसेना भी वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों, सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। मौजूदा समय में भारतीय नौसेना की ताकत पर नजर डालें तो भारतीय नौसेना के बेड़े पर नजर डालें तो नौसेना के पास दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत हैं, जिन पर अनेक एयरक्राफ्ट रखे जा सकते हैं और ताकतवर कमांडो फोर्स अथवा भारी मात्रा में जवानों को तैनात किया जा सकता है। नौसेना के पास आईएनएस जलाश्व नाम का एक एंफीबियस वॉरफेयर शिप है, जो एक हमलावर जहाज है, जिसमें नौसैनिकों को लेकर किसी देश के तट पर हमला करने के लिए भेजा जाता है। एंफिबियस वॉरफेयर शिप्स को सपोर्ट करने के लिए मगर, शार्दूल और कुंभीर क्लास के कुल 8 लैंडिंग शिप टैंक्स हैं। नौसेना के पास 8 लैंडिंग क्राफ्ट्स हैं, जो एक प्रकार के बोट्स होते हैं, जिनका उपयोग एंफीबियस ट्रांसपोर्टेशन के लिए किया जाता है। विशाखापट्नम, कोलकाता, दिल्ली और राजपूत क्लास के कुल 10 विध्वंसक हैं।

ये ऐसे जंगी जहाज होते हैं, जिनका प्राइमरी हथियार गाइडेड मिसाइल्स होती हैं। शिवालिक, तलवार और ब्रह्मपुत्र क्लास में कुल 14 फ्रिगेट्स नौसेना के पास हैं। कमोर्ता, कोरा, खुकरी, वीर और अभय क्लास के कुल 22 कॉर्वेट्स भी हैं। तटीय सुरक्षा, निगरानी, सीमाई सुरक्षा, इमिग्रेशन, लॉ-एनफोर्समेंट, सर्च एंड रेस्क्यू इत्यादि कार्यों के लिए नौसेना के पास सरयू, सुकन्या क्लास के कुल 10 ऑफशोर पेट्रोल वेसल भी हैं। कार निकोबार, बंगारम और त्रिंकट क्लास के 19 पेट्रोल वेसल भी मौजूद हैं। इनके अलावा नौसेना के पास 285 से ज्यादा जहाज, डीजल इलैक्ट्रिक पनडुब्बियां, करीब 140 गश्ती पोत/निगरानी जहाज भी हैं, जो इसे दुनिया में चौथी सबसे मजबूत नौसेना बनाते हैं। बहरहाल, यह गर्व की बात है कि हिन्द महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार तथा सामरिक मामलों के विश्लेषक हैं)

भारत : हिन्दुस्थान से हिन्दुस्तान तक

हेमेन्द्र क्षीरसागर

ऐसे में विदेशों से संबंधों का हवाला और देश में सबको एक सूत्र में जोड़ने की कोशिश करते हुए संविधान के अनुच्छेद एक में लिखा गया कि इंडिया अर्थात् भारत राज्यों का संघ होगा। उल्लेखनीय आजादी के बाद देश का नाम भारत तय हुआ। संविधान में राष्ट्रगान और तिरंगा पहले ही निश्चित हो गया था, और तय हो गया था कि अब इस देश में भारत माता की जय का नारा लगाया जाएगा। आजादी के आंदोलन में देश को एक जुट करने के लिए देश भारत माता की जय ही बोलता था। यशोगान ऐसे चली हिन्दुस्थान से हिन्दुस्तान तक भारत देश के नामकरण की गाथा।

प्राचीनकाल से भारतभूमि के अलग-अलग नाम रहे हैं। मसलन जम्बूद्वीप, भारतखण्ड, हिमवर्ष, अजनाभवर्ष, आर्यावर्त, हिन्द, हिन्दुस्तान भारत और इंडिया सोने की चिड़िया, भारतवर्ष ऐसे ही अनेकानेक नामों से जानते हैं। आदिकाल में विदेशी लोग भारत को उसके उत्तर-पश्चिम में बहने वाले महानदी सिंधु के नाम से जानते थे, जिसे ईरानियो ने हिंदू और यूनानियो ने शब्दों का लोप करके 'इण्डस' कहा। भारतवर्ष को प्राचीन ऋषियों ने 'हिन्दुस्थान' नाम दिया था जिसका अपभ्रंश 'हिन्दुस्तान' है।

जब अंग्रेज भारत में आए उस समय हमारे देश को हिन्दुस्तान कहा जाता था। हालांकि, ये शब्द बोलने में उन्हें परेशानी होती थी। जब अंग्रेजों को पता चला कि भारत की सभ्यता सिंधु घाटी है। जिसे इंडस वैली भी कहा जाता है। इस शब्द को लैटिन भाषा में इंडिया कहा जाता है तो उन्होंने भारत को इंडिया कहना शुरू कर दिया। हमारे देश के बदलते नाम का एक इतिहास बड़ा ही दिलचस्प है। कहते हैं कि महाराज भरत ने भारत का संपूर्ण विस्तार किया था और उनके नाम पर ही इस देश का नाम भारत पड़ा। मध्य काल में जब तुर्क और ईरानी यहां आए तो उन्होंने सिंधु घाटी से प्रवेश किया। वो स का उच्चारण ह करते थे और इस तरह से सिंधु का अपभ्रंश हिंदू हो गया। उन्होंने यहां के निवासियों को हिंदू कहा और हिंदुओं के देश को हिंदुस्तान का नाम मिला।

आगे, आजादी के बाद संविधान सभा में देश के नाम पर सवाल उठा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र बनने की दिशा में

आगे, आजादी के बाद संविधान सभा में देश के नाम पर सवाल उठा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र बनने की दिशा में बढ़ा ये देश अपना नाम क्या रखेगा। इस दौरान भारत, हिंदुस्तान, हिंद और इंडिया जैसे विकल्पों पर खूब माथापच्ची हुई। 17 सितंबर 1949 को संघ के नाम और राज्यों पर चर्चा शुरु हुई। इस बहस में सेठ गोविंद दास, कमलापति त्रिपाठी, श्रीराम सहाय, हरगोविंद पंत और हरि विष्णु कामथ जैसे नेताओं ने हिस्सा लिया। हरि विष्णु कामथ ने सुझाव दिया कि इंडिया अर्थात् भारत को भारत या फिर इंडिया में बदल दिया जाए।

बढ़ा ये देश अपना नाम क्या रखेगा। इस दौरान भारत, हिंदुस्तान, हिंद और इंडिया जैसे विकल्पों पर खूब माथापच्ची हुई। 17 सितंबर 1949 को संघ के नाम और राज्यों पर चर्चा शुरु हुई। इस बहस में सेठ गोविंद दास, कमलापति त्रिपाठी, श्रीराम सहाय, हरगोविंद पंत और हरि विष्णु कामथ जैसे नेताओं ने हिस्सा लिया। हरि विष्णु कामथ ने सुझाव दिया कि इंडिया अर्थात् भारत को भारत या फिर इंडिया में बदल दिया जाए। लेकिन उनके बाद सेठ गोविंद दास ने भारत के ऐतिहासिक संदर्भ का हवाला देकर देश का नाम सिर्फ भारत रखने पर बल दिया। इस पर बीच का रास्ता कमलापति त्रिपाठी ने निकाला, उन्होंने कहा कि इसका नाम इंडिया अर्थात् भारत की जगह भारत अर्थात् इंडिया रख दिया जाए। हरगोविंद पंत ने अपनी राय रखते हुए कहा कि इसका नाम भारतवर्ष होना चाहिए, कुछ और नहीं। वहीं भारत या भारतवर्ष नाम का समर्थन करने वाले ये सारे नेता उत्तर भारत या कहें कि हिंदी पट्टी के थे। जबकि भारत का विस्तार उत्तर में कश्मीर से लेकर दक्षिण में कन्याकुमारी तक है। संविधान सभा में हर क्षेत्र, हर भाषा के लोग बैठे थे। हिंदी को राजभाषा मानने पर पहले ही बहुत घमासान हो चुका था।

ऐसे में विदेशों से संबंधों का हवाला और देश में सबको एक सूत्र में जोड़ने की कोशिश करते हुए संविधान के अनुच्छेद एक में लिखा गया कि इंडिया अर्थात् भारत राज्यों का संघ होगा। उल्लेखनीय आजादी के बाद देश का नाम भारत तय हुआ। संविधान में राष्ट्रगान और तिरंगा पहले ही निश्चित हो गया था, और तय हो गया था कि अब इस देश में भारत माता की जय का नारा लगाया जाएगा। आजादी के आंदोलन में देश को एक जुट करने के लिए देश भारत माता की जय ही बोलता था। यशोगान ऐसे चली हिन्दुस्थान से हिन्दुस्तान तक भारत देश के नामकरण की गाथा। (हेमेन्द्र क्षीरसागर, पत्रकार, लेखक व स्तंभकार)

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

यूँ अपने पन में सिमट गए मानो

यूँ अपने पन में सिमट गए मानो खुद से ही लिपट गए। करवटे यूँ मंद -मंद चली बेखबर हुई आहें का भरना जैसा कल ही तो हुआ हो साँसों का साँसों से मिलना ।।

सोनू कुमार आकाश

खास पाती | मुकद्दर है के अब हमसे संवारा

मुकद्दर है के अब हमसे संवारा ही नहीं जाता कोई बोझ है दिल पर उतारा ही नहीं जाता। कहें हम किससे हाल ए दिल आखों मे नमी है जुबां खामोश है हमसे पुकारा ही नहीं जाता। बह रही जिंदगी गम के उस वीरान दरिया में डूब कर उभरे फिर डूबे किनारा ही नहीं आता। अकेला छोड़ दें मुझको ज़माने से गुजारिश है के मुझको मेरा ही साया अब मुझको नहीं भाता । मुझे बदनाम कर दो बेवफ़ा का नाम दे दे कर वफ़ाओं का कर्ज हमसे संभाला अब नहीं जाता। मोती टूट जाए जो कोई कीमत नहीं उसकी जानिब गिर कर आंख से आंसू लौट कर फिर नहीं आता।

पावनी दीक्षित जानिब

भुरभुरा है दिल का गागर

भुरभुरा है दिल का गागर, क्यूं रखेगा कोई सर पर। वस्ल का दीया जलाऊं, हिज्र के तूफ़ां से लड़ कर। जब से तुमको देखा है सनम, थम गया है दिल का लश्कर। झूठ का आकाश बेशक, जल्द ढह जाता है ज़मीं पर। आशिक़ी मांगे फकीरी, दानी भी भटकेगा दर-दर।

- संजय दानी

बहुत फर्क है ? समझदार बनने

बहुत फर्क है ? समझदार बनने में और समझदार होने में लेकिन जो समझदार होता है वो कभी जल्दी अपनी प्रतिक्रिया नही देता बात को सौ बार तोलता है लेकिन विपरीत इसके समझदार बनने वाला हमेशा प्रतिक्रिया देने को लालायित रहता है भले ही फिर मुंह की खानी पड़े??

मधुलिका शुक्ला

मुझको तुमसे होगया नेह डॉक्टर

मुझको तुमसे होगया नेह डॉक्टर कहता है मधुमेह जब-जब मिलता हूँ तुमसे गरजे बादल बरसे मेह मन चंचल कहीं उड़ जाता है और धरी रह जाती देह नस-नस में है मीठी यादें तभी तो हो जाता संदेह प्रेम सदा ही होता मीठा बात सही ये निःसंदेह।

- जे डी कुदाल

जाग जाता है दिन किरणों से बात

जाग जाता है दिन किरणों से बात करते हुए, , ढल ही जाता है दिन तयशुदा घड़ियां गिनकर, शाम आती है मगर पहले सी अब सुर्ख़ नही होती। उँगलियाँ नाचकर होंठों पर मोती नही बोती । रात है आँजती पलकों पर गहरा काजल, साँस बहती है लेकर तुम्हारे साथ की बात। ज़िन्द जगते हुए, बहते हुए ,कहती है बीती रात की बात । मन की वीरानियां हैं, नस नस में टहल लेती है, ऐसे ये ज़िन्दगी ज़िंदा रहने को बहल लेती है ।। **प्रियंवदा अवस्थी**

समय का चक्र विविध दृश्यावली

समय का चक्र विविध दृश्यावली दिखला रहा हमको समझ अब भेद संशय सत्य के मध्य आ रहा हमको ये जीवन इक परीक्षा है इसे मुश्किल समझना है कठिन प्रश्नों को हल करना समय सिखला रहा हमको।

पूजा बंसल

डूबना है तय अगर तो क्या किनारा

डूबना है तय अगर तो क्या किनारा देखना, नाख़ुदा को देखना कश्ती और धारा देखना। याद है क्या वो तुम्हें फ़ुर्सत के पल और चाँद रात, हाथ लेकर हाथ में फ़िर चाँद तारा देखना। मुद्दतों पहले जहां से लौटे थे बेआबरू, अब उन्हीं गलियों को क्या मुड़कर दुबारा देखना। मेरे दामन को भरा है तुमने ही तो ख़ार से, अब सुकूं से बैठकर जी भर नज़ारा देखना। वक्ते रुख़सत मुझको तुमने देखा जिस अंदाज़ से, कैद नज़रों में है मंजर,और तुम्हारा देखना।

- रूबी झा 'कमल'

QUIZ TIME

1) भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की स्थापना कब की गई थी?

2) अति चालक का प्रतिरोध कितना होता हैं?

3) कनाडा को किस नाम से जाना जाता है?

4) भारत मे राष्ट्रीय पंचयात दिवस कब मनाया जाता हैं?

5) शोहन करुणातिलका ने अक्टूबर 2022 में कौन सा पुरस्कार जीता?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 12 जुलाई, 2016 (2) लगभग शुन्य (3) मैपिल लीफ (4) 24 अप्रैल (5) बुकर पुरस्कार

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 05 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ इस प्रकार है। 1230 जर्मनी के रसायन शास्त्री और दार्शनिक अलबर्ट महान का निधन हुआ। इन्होंने आर्सेनिक द्वारा तांबे को सफेद करने में सफलता प्राप्त की थी। 1484 पोप इनोसेंट VIII ने पोप बैल बुल सूइस डिसइंडेंटस एफिबिबस जारी किया, जिससे डोमिनिकन जिज्ञासु हेनरिक क्रेमर को जर्मनी में जादू टोने का मुकदमा चलाने का स्पष्ट अधिकार मिल गया। 1746 स्पेनिश शासन के खिलाफ जेनोवा में विद्रोह किया गया। 1757 ल्यूटन की लड़ाई: प्रशियाई सेना ने ऑस्ट्रियाई को धराशायी कर दिया। 1766 जेम्स क्रिस्टी ने क्रिस्टी की नीलामी की पहली बिक्री लंदन के घर में की। 1868 पहला अमेरिकी साइकिल कॉलेज खोला गया। 1876 फायर ब्रुकलिन, न्यू यॉर्क में ब्रुकलिन थिएटर में हुआ, जिसमें कम से कम 278 लोग मारे गए, जिनमें से ज्यादातर धूम्रपान के कारण थे। 1879 पहला स्वचालित फोन स्विचिंग प्रणाली तैयार की गयी। 1892 जॉन थॉम्पसन कनाडा के चौथे प्रधानमंत्री बने। 1893 टोरंटो में पहली इलेक्ट्रिक कार बनी जो एक बार चार्ज होने पर 15 मील चलती थी। 1893 एकाधिक मतदान न्यू साउथ वेल्स में समाप्त किया गया। 1916 ब्रिटिश प्रधान मंत्री एच एच अस्क्विथ ने महायुद्ध के संचालन में दृढ़ता की कमी के कारण इस्तीफा दे दिया। 1919 तुर्की के युद्ध मंत्रालय ने यूनानियों, अर्मेनियन और यहूदियों को सैन्य सेवा हटाया। 1926 फोरवेल के टेक्सास शहर में जॉर्ज हासेल ने अपनी पत्नी और आठ बच्चों की हत्या की।

जन जागरूकता के लिए सांस्कृतिक आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के जीवन सूचकांक सर्वेक्षण-2022 में फीडबैक देने आज रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. ने युवाओं को जागरूक किया। रायपुर में प्रत्येक माह आयोजित होने वाले 'पर्यावरण जागरूकता' व 'युद्ध नशे के विरुद्ध' कार्यक्रम में शामिल सैकड़ों युवाओं ने अपने शहर की उत्कृष्ट रैंकिंग के लिए अपना फीडबैक दिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में रायपुर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे, पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी, सभापति प्रमोद दुबे, ग्रीन आर्मी के संस्थापक लक्ष्य चौरे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर शहर के थीम सॉन्ग 'मोर रायपुर-स्वच्छ रायपुर' की प्रस्तुति के लिए दिव्यांग बालिकाओं को सभी से सराहना मिली। इन बालिकाओं के गाए यह गीत कचरा संकलन हेतु डोर-टू-डोर जाने वाले वाहनों में विगत 5 वर्षों से निरंतर सुने जाते हैं। इस अवसर पर कलेक्टर ने अपने शहर को सर्वश्रेष्ठ शहर के रूप में चिन्हित करने सभी नागरिकों से सहभागिता की अपील करते हुए स्वच्छ पर्यावरण व उत्कृष्ट जीवन शैली अपनाने की शपथ भी सभी को दिलाई।

बूढ़ा तालाब में आयोजित हुआ ओपन माइक, रविवार की शाम कवि गोष्ठी

रायपुर/नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के 'जीवन सूचकांक सर्वेक्षण-2022' में आम नागरिकों को फीडबैक हेतु प्रेरित करने के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा वॉइस ऑफ रायपुर कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस आयोजन के तहत लोक संगीत व ओपन माइक की प्रस्तुति हुई, जिसमें रायपुर शहर को देश के सर्वश्रेष्ठ निवास योग्य शहर के रूप में पहचान दिलाने लोगों ने अपनी राय दी। रायपुर की पहचान के तौर पर स्थित ऐतिहासिक बूढ़ातालाब-स्वामी विवेकानंद सरोवर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में नागरिकों के साथ ही मीडिया प्रतिनिधियों ने भी गायन में अपनी प्रस्तुति दी। रविवार को बूढ़ा तालाब प्रांगण में ही कवि गोष्ठी और गायन की प्रस्तुति होगी।

परम् जीवन फाउंडेशन ने स्थापना का दूसरा वर्ष मनाया

रायपुर/नवप्रदेश। परम् जीवन फाउंडेशन ने रायपुर में अपने स्थापना का दूसरा वर्ष बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर अनेक कार्यक्रम आयोजन किया। परम् जीवन का मुख्य उद्देश्य आनंद की प्राप्ति जिससे परम शांति आनंद निर्भरता और मानसिक स्वतंत्रता आ जाती है और व्यक्ति अपना जीवन सार्थक महसूस करता है। फाउंडेशन के कमल विहार स्थित केंद्र में प्रतिदिन योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास प्रशिक्षित योगाचार्य द्वारा प्रतिदिन सुबह 7 बजे कराया जाता है। इसके अतिरिक्त प्रत्येक रविवार को सुबह 10 बजे परम् जीवन योग द्वारा मन की उलझनों से मुक्ति और आत्मज्ञान के लिए विशेष साधना कराया जाता है। आज स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर जन-जागरूकता के लिए सायकल रैली का आयोजन किया गया। डायबिटीज और कमर दर्द के मरीजों के लिए विशेष योगासन कराए गए। इसके बाद एन एच एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब 150 मरीजों का निशुल्क रक्त संबंधित जांच , ई सी जी ,चिकित्सा परामर्श के साथ साथ जरूरत मंद लोगो को निःशुल ग्लो मीटर भी दिया गया। इस कैंप में डॉ. तरुण मिश्रा, डॉ. जिनेश जैन, डॉ. दुष्यंत चौहान और डॉ. एच पी सिन्हा द्वारा अपनी सेवाएं दी गई। इसके बाद परम् जीवन योग का ध्यान कराया गया इसके बाद डॉ. तरुण मिश्रा द्वारा मधुमेह के कारण एवं उपचार पर उपयोगी व्याख्यान दिया गया।

निधन

रायपुर/नवप्रदेश। सुंदर नगर, मैत्री नगर निवासी अनिल गुप्ता का रविवार सुबह निधन हो गया है। वे आयुष एवं आयुषी पुरवार (गुप्ता) के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा 5 दिसंबर (सोमवार) को पूर्वान्ह 12:30 बजे निवासस्थल से महादेव घाट मुक्तिधाम के लिए निकलेगी।

सड़क दुर्घटनाओं में जान बचाने छत्तीसगढ़ में बनेंगे 12 नए ट्रामा स्टेबलाइजेशन सेंटर, तेलीबांधा में वाय सेप ओवरब्रिज

रायपुर/नवप्रदेश। गोल्डन आवर यानी सड़क दुर्घटना के बाद एक घंटे का समय। इस अवधि में यदि किसी क्षतिग्रस्त व्यक्ति को ट्रामा सेंटर या फिर सर्वसुविधायुक्त अस्पताल पहुंचा दिया जाए तो उसकी जान बचने की उम्मीद बढ़ जाती है। इसे देखते हुए अब शहर में ट्रामा सेंटरों की संख्या बढ़ाने का फैसला लिया गया है। इसके तहत छ?तीसगढ़ में 12 नए ट्रामा स्टेबलाइजेशन सेंटर बनवाए जा रहे हैं, जिनमें जिला अस्पतालों को ही अपग्रेड कर स्टेबलाइजेशन सेंटर्स के रूप में विकसित किया जाएगा। वहीं तेलीबांधा में लोगों को सुगम यातायात की सुविधा देने के लिए 200 करोड़ रुपये की लागत से वाय सेप ओवरब्रिज का निर्माण करवाया जाएगा।

नेशनल हेल्थ मिशन से स्वीकृति

ट्रामा स्टेबलाइजेशन सेंटर्स के लिए नेशनल हेल्थ मिशन से स्वीकृति दी जा चुकी है, जिसके आधार पर इनका निर्माण करवाया जा रहा है। इसके लिए ट्रैफिक विभाग द्वारा ही स्वास्थ्य विभाग से एप्रोच किया था और सड़क दुर्घटनाओं में लोगों की जान बचाने के लिए व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए योजना बनाई थी। जिस पर काम शुरू हो गया है।

ओवरब्रिज के ऊपर रहेगी सिक्स लेन

ओवरब्रिज के ऊपर सिक्स लेन बनाई जाएगी, जिसमें तीन आने और तीन जाने के लिए रहेगी। दुर्ग, भिलाई और राजनांदगांव की तरफ जाने वाले वाहन सीधे निकल जाएंगे। वहीं, शहर में आने वाली गाड़ियां ब्रिज के ऊपर से सीधे तेलीबांधा थाने के सामने उतरेंगी।

शाम को वाहनों का रहता है दबाव

यातायात विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तेलीबांधा चौक पर शाम चार बजे से रात आठ बजे तक गाड़ियों का काफी दबाव रहता है। चार घंटे में ही करीब डेढ़ लाख वाहनों का दबाव रहता है। यातायात व्यवस्था को संभालने में काफी मशक्कत करनी पड़ती है।

बूढ़ा तालाब में आयोजित हुआ ओपन माइक का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के 'जीवन सूचकांक सर्वेक्षण-2022' में आम नागरिकों को फीडबैक हेतु प्रेरित करने के लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा वॉइस ऑफ रायपुर कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस आयोजन के तहत लोक संगीत व ओपन माइक की प्रस्तुति हुई, जिसमें रायपुर शहर को देश के सर्वश्रेष्ठ निवास योग्य शहर के रूप में पहचान दिलाने लोगों ने अपनी राय दी। इस अवसर पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमि. के मुख्य परिचालन अधिकारी श्री उज्जवल पोरवाल भी उपस्थित थे। मुख्य परिचालन अधिकारी श्री पोरवाल ने रायपुर शहर को सर्वेक्षण में उत्कृष्ट स्थान दिलाने सभी को अपना फीडबैक देने की अपील की। रायपुर की पहचान के तौर पर स्थित ऐतिहासिक बूढ़ातालाब-स्वामी विवेकानंद सरोवर प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में आम नागरिकों के साथ छोटे बच्चों ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

16 साल बाद भी पिथौरा दंगा पीड़ितों को नहीं मिला मुआवजा : रिजवी

■ क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान करे सरकार

रायपुर/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ अधिवक्ता इकबाल अहमद रिजवी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को पत्र प्रेषित कर बताया है कि सन् 2006 के भाजपा शासनकाल में पिथौरा शहर (महासमुन्द जिला) में दंगा हुआ था जिसमें असामाजिक तत्वों ने लोगों की दुकानें, धार्मिक स्थल (मस्जिद), इत्यादि को क्षति पहुंचाई थी। जिला प्रशासन यानि तत्कालीन कलेक्टर, महासमुन्द ने करीब 43 लाख मुआवजा का आंकलन किया था लेकिन उक्त क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान भाजपा शासनकाल में नहीं किया गया था। इस संदर्भ में माननीय मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित कर कम से कम कांग्रेस शासनकाल में उक्त शेष मुआवजे का भुगतान करने हेतु अनुरोध किया है। दंगे के सोलह साल बाद भी प्रभावित एवं पीड़ित वर्ग को उक्त राशि अप्राप्त है।

रिजवी ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से दंगे का हवाला देते हुए कहा है कि उक्त दंगे में उन्मादी असामाजिक तत्वों ने हिन्दू-मुस्लिम-सिक्ख-ईसाई समाज के लोगों की दुकानें, घर एवं मस्जिद को क्षति पहुंचाई थी। तत्कालीन महासमुन्द कलेक्टर एस.के. तिवारी ने शासन के निर्देश पर दंगे में हुई क्षति का ब्यौरा देते हुए लगभग 42 लाख 92 हजार की अनुमानित क्षति का आंकलन किया था तथा उस समय कलेक्टर ने तात्कालिक अनुदान सहायता के रूप में मात्र एक लाख आठ हजार रूपया प्रभावित पक्ष को दिए गए थे। शेष मुआवजा राशि का भुगतान करने हेतु तत्कालीन मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह एवं राज्यपाल ई.एस.एल. नरसिम्हन के समक्ष कई बार निवेदन किया गया परन्तु हासिल आया शून्य ही रहा। इस क्षतिपूर्ति के संबंध में भाजपा शासनकाल में कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई और प्रभावितों को शेष क्षतिपूर्ति राशि आज तक अप्राप्त है। रिजवी ने इस संदर्भ में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल का ध्यान आकर्षित कर कहा है कि विगत 16 वर्षों से लम्बित क्षतिपूर्ति राशि का शीघ्र भुगतान करावें अथवा पीड़ितों के जख्मों पर मलहम लगाने हेतु शेष राशि का भुगतान के लिए अविलम्ब आबंटन राशि जारी करने का आग्रह किया है।

महाराष्ट्र मंडल में हुआ श्रीमद्भगवद्गीता का सामूहिक पाठ

रायपुर/नवप्रदेश। चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल के नवनिर्मित मिनी हॉल में महाराष्ट्र मंडल के 21 सदस्यों ने श्रीमद्भगवद्गीता का सामूहिक पाठ किया। कार्यक्रम की संयोजिका आस्था काले ने बताया कि शनिवार को दोपहर 3 बजे आचार्य चेतन दंडवते के मार्गदर्शन में श्रीमद्भगवद्गीता के 18 अध्यायों के 700 श्लोकों का पठन शुरू हुआ, जो शाम 6 बजे तक जारी रहा। इसके बाद कल्याण देशपांडे ने श्रीमद्भगवद्गीता के सार को संस्कृत के श्लोक के माध्यम से गायन किया। तत्पश्चात चौबे कॉलोनी महिला केंद्र की सदस्यों ने सुमधुर भजन की प्रस्तुति दी। आस्था काले ने बताया कि इसके बाद महाआरती की गई। महाप्रसाद वितरण के बाद कुमुद कान्हे लिखित पुस्तक गोपाल काला का निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर कुमुद कान्हे और डॉ. मंजुषा वैशंपायन को शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। अरविंद जोशी ने बताया कि महाराष्ट्र मंडल और रोटरी क्लब ऑफ रायपुर मिलेनियम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में मंच की खूबसूरत सजावट पर्यावरण समिति ने की। शेखर क्षीरसागर और अक्षदा पंडित की ओर से बनाई गई फूलों की मनमोहक रंगोली भक्तजनों के आकर्षण का केंद्र रही।आयोजन के दौरान मंडल के उपाध्यक्ष श्यामसुंदर खंगन ने बृहन्न महाराष्ट्र मंडल की निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं अभय भागवतकर और कुमुद लाड को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

अखिल भारतीय अंतर राज्यीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए 25 खिलाड़ियों का चयन

■ ट्रायल के बाद अंतिम 16 खिलाड़ी होंगे टीम में शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय अंतर राज्यीय फुटबाल प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के 25 खिलाड़ियों के नाम चयनित किए गए हैं। हाल ही में आयोजित पॉवर कंपनी क्षेत्रीय फुटबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर इन 25 खिलाड़ियों के नाम तय किए गए हैं। चीफरैफरी अब्दुल रफीक खान, केन्द्रीय पर्यवेक्षक एम आर सिरसाटे तथा क्षेत्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के अध्यक्ष जे एस नेताम की चयन समिति द्वारा इन नामों का चयन किया गया है। पॉवर कंपनी केन्द्रीय क्रीड़ा सचिव आर के बंछोर ने बताया कि प्रदेश के 10 क्षेत्रों से बेहतर प्रदर्शन के आधार पर 25 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में कोरबा पश्चिम के अमन केरकेट्टा , सुमेश बहेलन , विपिन टोप्पो, क्रिस्टपाल कुजुर, सुनील भारिया, विकास लाल, मड़वा क्षेत्र से राहुल भगत, नरेन्द्र राम, धनेश्वर राम बकला , दिलीप तिग्गा, रायपुर सेन्ट्रल से योगेश चंद यादव, ऐश्वर्य पाठक , रायपुर क्षेत्र से विरेन्द्र कुमार वर्मा, धीनेन्द्र साहू, जगदलपुर क्षेत्र से सवालम दुला, बिलासपुर क्षेत्र आशीष टोप्पो, निर्बोध खलखो, दीपक किंडो, सुधाकर सिंह, अंबिकापुर क्षेत्र से सुमंत निराला, अमित लकड़ा, संजय एक्का कोरबा पूर्व से सिद्धार्थ डेका, राजनांदगाँव से कोमल साहू तथा दुर्ग क्षेत्र से पी नागेश्वर राव शामिल हैं। इन खिलाड़ियों की स्क्रीनिंग आगामी दिनों में की जाएगी तथा अंतिम 16 खिलाड़ियों का चयन इनमें से किया जाएगा।

राजस्व पुस्तक परिपत्र ग्रंथ का विमोचन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कोरबा निवास पर वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार दुबे लिखित राजस्व पुस्तक परिपत्र ग्रंथ का विमोचन किया। लगभग 1100 पृष्ठों के इस ग्रंथ में छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद लोक हित में भू-राजस्व संहिता में अनेकों संशोधन किए गए हैं। संशोधनों के प्रवर्तन के लिए राज्य सरकार द्वारा शासकीय परिपत्रों के माध्यम से जो दिशा निर्देश जारी किए गए हैं, उन सभी का समावेश इस ग्रंथ में किया गया है।

राजस्व पुस्तक परिपत्र ग्रंथ के लोकार्पण अवसर पर विमोचन करते हुए राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि इस ग्रंथ में राजस्व संबंधी सभी संदर्भों का समावेश होने से राजस्व प्रकरणों के संबंध में यह ग्रंथ मार्गदर्शक की भूमिका अदा करते हुए बहुत उपयोगी सिद्ध होगा, इसमें संदेह नहीं। राजस्व मंत्री ने उम्मीद जताई कि इस ग्रंथ से राजस्व न्यायालयों और अधिवक्ताओं को बहुत सहायता मिलेगी। अथक परिश्रम से तैयार किए गए इस ग्रंथ के लिए राजस्व मंत्री ने ग्रंथ के लेखक वरिष्ठ अधिवक्ता विजय कुमार दुबे व पुस्तक प्रकाशन में सहयोगकर्ता अधिवक्ता अभिषेक दुबे को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। राजस्व पुस्तक परिपत्र ग्रंथ के लेखक विजय कुमार दुबे ने बताया कि ग्रंथ में राजस्व संबंधी मामलों के संदर्भ में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी किए गए अद्यतन परिपत्रों तक को समाहित किया गया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि यह ग्रंथ राजस्व संबंधी प्रकरणों के निपटान में एक संदर्भ पुस्तक के रूप में सर्व संबंधित के लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। विद्वान अधिवक्ता श्री दुबे ने बताया कि उनके द्वारा लिखित अनेक पुस्तकों में से यह चौथी पुस्तक है, जिसका विमोचन राजस्व मंत्री द्वारा किया गया है। इससे पूर्व तीन अन्य पुस्तकों का विमोचन विगत वर्षों में राजस्व मंत्री द्वारा किया गया है।

मैट्रो ग्रीन सोसायटी का पहला चुनाव सौहार्द पूर्ण वातारण मे संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। मैट्रो ग्रीन सोसायटी का पहला चुनाव शनिवार को सहकारी पंजीयक चुनावी पर्यवेक्षक की उपस्थिति में सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न हुए। सद्धू भवन स्कूल के सामने स्थित 240 मकानों की मैट्रो ग्रीन आवासीय परिसर पूरा होने के बाद यह पहला चुनाव था। जिसमे 140 सदस्यों द्वारा सोसायटी की सदस्यता लेने पर उन्हे मतदान करने का अधिकार मिला। शनिवार 3 दिसंबर को संपन्न हुए चुनाव में 69.50 सदस्यों ने अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए सोसायटी के सदस्यों का चयन किया। मैट्रो ग्रीन के चुने गये सदस्यों में के.सी. शर्मा(78),राकेश वर्मा(74),किशोर कर्माकर (72), सुमित जैन (72),पंकज चौबे (71),चिंतामणी साहू (70),शरद गोयल (68), एन. के. पुंगलिया(64) तथा दो महिला सदस्य किरण सिंह (65), सुमित वच्छानी(44) मत प्राप्त हुए।

क्युएसआर चेन फैट टाइगर ने रायपुर में अपना पहला आउटलेट खोला

रायपुर/नवप्रदेश। क्विक रेस्टोरेंट चेन फैट टाइगर ने हाल ही में रायपुर में अपना पहलाफ्रेंचाइजी आउटलेट शुरू किया है। यह स्टोर 1100 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैला हुआहै। बड़ी संख्या में युवाओं, परिवारों, छात्रों और विभिन्न स्वादों में फैन एशियाई खानेका आनंद लेने वाले किसी भी व्यक्ति को आकर्षित करने के लिए आउटलेटआकाश टॉवर, शहीद वीर नारायण सिंह, वार्ड 32, शंगार नगर, रायपुर में खोलागया है।

फैट टाइगर एक आधुनिक क्युएसआर और कैफे चैन है जो शहर में मोमो, बर्गर, पिज्जा, पेय और बहुत कुछ प्रदान करता है। यह चैन अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्रशसितचाय, बेवरेजेज और विशेष रूप से बनाए गए मोमोज के साथ और बहुत न्यूट्रिशयससमील्स प्रदान करती है।

अपनी हालिया एक्सपेंशन प्लान्स तहत, कंपनी ने इस आउटलेट को 22 शहरों मेंइसके पहले से मौजूद 50+ आउटलेट्स में जोड़ा है, जिससे देश भर में अपनी उपस्थिति को मजबूत कर सके। ब्रांड आने वाले 30-36 महीनों में 200 औरऑफ्लाइन आउटलेट खोलने की भी योजना बना रहा है।

फैट टाइगर के को-फ़ाउंडर सहज चोपड़ा और साहिल आर्य, ने इस घोषणा परकहा, हमें रायपुर में अपने पहले आउटलेट के खुलने पर बहुत खुशी है। हम नएग्राहकों से हमारे खाने और सर्विस पर फीडबैक पाने के लिए उत्साहित हैं। हमवादा करते हैं कि रायपुर के बीचों-बीच अपना नया आउटलेट खोलकर हम अपनेग्राहकों को आनंद और स्वादिष्ट भोजन का अनुभव प्रदान करेंगे। चूंकि यह एकडाईन- इन फॉर्मेट आउटलेट है, इसलिए हमने टाइगर के इंडियन ट्रीट्स पेश किएहैं। इसमें इंडियन फूड जैसे दाल, बिरयानी, चिकन, मटन करी आदि शामिलकिये हैं। हम भारतीय क्युएसआर क्षेत्र में अपने तेजी से विस्तार की घोषणा करनेके लिए उत्साहित हैं, साथ ही हमे विश्वास भी है कि लोग निश्चित रूप से हमारेखाने, अम्बिएंस और क्वालिटी को पसंद करेंगे।

ब्रांड के बारे में बात करते हुए,उन्होंने कहा, "फैट टाइगर में, हम एक्सपेरिमेंटल मोमोज़ के साथ हमने अपने मेनू में बेहतरीन सामग्री और क्युरेटेड आइटम्स भी शामिल कियेहैं।

महिलाओं में एचआईवी एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ी

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत 1 से 15 दिसंबर तक विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में एड्स जागरूकता पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया जाएगा। पखवाड़े के दौरान स्वास्थ्य विभाग एचआईवी एड्स को लेकर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित करेगा। इसके साथ ही एआरटी सेंटर द्वारा भी एचआईवी पाजिटिव मरीजों का उपचार करने के साथ ही उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास पर जोर दिया जायेगा।

राज्य के एनएफएचएस-5 के आंकड़ों में यह बात सामने आई है कि राज्य में पहले जहाँ 20 प्रतिशत महिलाए ही एचआईवी एड्स के बारे में जानती थी वहीं अब 23 प्रतिशत महिलाओं को

एचआईवी एड्स के बारे में पर्याप्त जानकारी है। इसके अतिरिक्त पहले 57 प्रतिशत महिलाएं ही जानती थीं कि शारीरिक संबंध के दौरान कंडोम के प्रयोग से एचआईवी एड्स से बचा जा सकता है वहीं अब लगभग 76 प्रतिशत महिलाओं को इस बारे में पता है। विश्व एड्स दिवस के बारे में सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया, "रायपुर में एचआईवी पॉजिटिव लोगों को बेहतर उपचार देने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह बीमारी और न बढ़े इसके लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसीलिए अधिक से अधिक मरीजों का एचआईवी टेस्ट करके उनका रजिस्ट्रेशन एआरटी सेंटर में कराया जा रहा है, जिससे वह सही उपचार लेकर एक बेहतर जीवन जी सकें।

क्या है एड्स

एचआईवी यानि एड्स एक ऐसा वायरस है जो हमारी शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को कम कर देता है। इससे तरह तरह की बीमारियां लोगों को जल्द ही घेर लेती हैं। इसी अवस्था को एड्स कहते हैं।

सिरिंज से नशा भी बन रहा बड़ा कारण

इंजेक्शन से नशा करने वाले आपस में एक दूसरे पर प्रयोग की गई सिरिंज का उपयोग कर लेते हैं। जिससे उन्हें उस समय तो होश नहीं रहता, लेकिन उनकी इस लापरवाही से एचआईवी संक्रमण एक से दूसरे में जरूर पहुंच जाता है। ओएसटी (ओरल सब्स्टीट्यूट थेरेपी) सेंटर में ऐसे हजार से ज्यादा मरीजों का उपचार चल रहा है।

जगत गुरु अगमदास जयंती पर्व, सतनामी स्वाभिमान दिवस व गुरुदर्शन मेला का दो दिवसीय आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। जगत गुरु अगमदास जयंती पर्व, सतनामी स्वाभिमान दिवस व दो दिवसीय गुरुदर्शन मेला का आयोजन 6 दिसम्बर को मंदिरहसौद में किया गया है। जगतगुरु अगमदास गुरुद्वारा सतनाम शक्ति केंद्र मंदिरहसौद में आयोजित इस भव्य आयोजन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरु रूद्रकुमार 7 दिसंबर को शामिल होंगे। मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष भागी गहने ने बताया कि गुरु प्रवक्ता स्वर्गीय डॉ. एम.के. कौशल के द्वारा शुरू किए इस भव्य आयोजन को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 6-7 दिसंबर को जगत गुरु अगमदास जयंती पर्व का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 6 दिसम्बर को प्रातः 9 बजे गुरुगद्दी आसन परिवर्तन व ज्योति प्रज्जवलित की जाएगी।

तीन दिवसीय खेल कार्यक्रम का आयोजन

खरोरा/नवप्रदेश। एबीसी पब्लिक स्कूल सारागांव में खेल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि स्कूल के सभी विद्यार्थियों को चार हाऊस में विभाजित कर उनके बीच विभिन्न प्रकार के खेल जैसे खो - खो, कब्बडी, चेस, कैरम, फुटबॉल, बैडमिंटन, क्रिकेट, गोला फेंक, भाला फेंक, म्यूजिकल चेयर, रेस, रिलेरेस, लेमन स्पून रेस, बुक बैलेंसिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात नोडल ऑफिसर आई वी तिवारी की उपस्थिति में 01 दिसंबर को एवम विजयी प्रतियोगियों को ईनाम वितरण 03 दिसंबर को कमलकांत साहू के द्वारा किया गया। इस अवसर पर चारो हाऊस के विद्यार्थियों ने मार्च पास कर मुख्य अतिथि को सलामी दी। स्कूल प्रबंधन एवम् प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को सुभाशीष एवम् विजयी छात्रों को शुभकामनाएं दी।

प्रदेश स्तरीय परिचय सम्मेलन में सोनकर समाज की होगी भागीदारी

नवागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ सोनकर समाज का प्रदेश स्तरीय विवाह योग्य युवक युवतियों के परिचय सम्मेलन कुम्हारी राज में सोमवार को आयोजित हो रहा सोनकर समाज नवागढ़ के अध्यक्ष मनोज पुरबिया ने बताया कि प्रदेश स्तरीय परिचय सम्मेलन में नवागढ़ राज इकाई की विशेष सहभागिता रहेगी ,नवागढ़ राज अध्यक्ष द्वारा सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले समस्त स्वजातीय जनों के लिए वाहन की व्यवस्था किया गया है , साथ हो अपने आस पास के समस्त राज इकाइयो में सघन रूप से जाकर जनसंपर्क कर परिचय सम्मेलन में सामाजिक सहभागिता की अपील किया गया हैं।

मनोज पुरबिया ने बताया कि विवाह योग्य युवक युवतियों के सम्मेलन अब प्रति वर्ष आयोजित किया जा रहा जिसमे छत्तीसगढ़ के सभी राज इकाइयों की विशेष सहभागिता रहती हैं।परिचय सम्मेलन में हजारों की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शामिल होंगे।

घर के बाहर खड़ी वाहन को लगाई आग

रिसाली/नवप्रदेश। नेवई थाना अंतर्गत घर के बाहर खड़े वाहन को अज्ञात तत्व ने आग लगी दी। आग से वाहन पूरी तरह से जल गया है। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 435 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। नेवई पुलिस ने बताया कि रिसाली भाठा निवासी दुर्गा महानंद (26 वर्ष) 2 दिसंबर को उसके पति लक्ष्मीधर महानंद रात 8.30 बजे अपने काम से वापस आकर मोटर सायकल होण्डा सीबीजेड को घर के बाहर खड़ी करके सभी परिवार खाना खाकर सो गए थे। आज तड़के 4 बजे घर के अंदर खिड़की से धुंआ भरने लगा और आग की लपटें घर के अंदर आयी तो बाहर निकलकर देखे तो घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल में आग लगी थी?

साहू समाज का परिचय सम्मेलन 11 को रिसाली में

भिलाई/नवप्रदेश। तहसील साहू संघ रिसाली का युवक युवती परिचय व स्नेह सम्मेलन का आयोजन 11 दिसंबर को दशहरा मैदान रिसाली में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुखूय अतिथि गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे। तहसील साहू संघ रिसाली के अध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने बताया कि विवाह योग्य युवक युवती 7 दिसंबर तक अपनी प्रविष्टि जमा कर सकते है।

साजा अस्पताल में हुआ 11 लोगों का पुरुष नसबंदी

साजा/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साजा में कल 4 दिसंबर को बीएमओ डॉ. एके वर्मा के निर्देशन में 11 हितग्राहियों का एनएसवीटी पद्धति से पुरुष नसबंदी डॉ. संजय नवल सर्जन द्वारा किया गया। शिविर में डॉ. अविनाश मार्कण्डेय, नीलेश देवांगन आरएमए, केएन साहू सुपरवाइजर, मनीषा लारेंस वाणी स्टाफनर्स, महेंद्र कुर्रे स्टाफ नर्स, कु. गायत्री ठाकुर स्टाफनर्स, लोकनाथ साहू स्टाफनर्स, नेहा कश्यप स्टाफनर्स, पुकेश्वरी वर्मा स्टाफनर्स, कलेश्वर वर्मा, पुष्पलता वर्मा लेब टेक्नीशियन, घनश्याम प्रसाद बाडे ड्रेसर, दिनेश कुमार मेश्राम, चंद्रभूषण साहू एलडीसी, तुलसी राम निर्मलकर, सतीश साहू वार्ड असिस्टेंट का शिविर में योगदान महत्वपूर्ण रहा हैं।

जिला पंचायत सभापति ने करवाया बोर खनन

भाटापारा/नवप्रदेश। समीपस्थ ग्राम बोड़तरा में जिला पंचायत सदस्य एवम सभापति श्री मती कविता कुमलेश देवांगन द्वारा बोल बम चौक मे पानी की समस्या को देखते हुए एवम वार्ड वासियों की मांग पर जिला पंचायत 15 वे वित्त निधि से बोर खनन कार्य कराया गया। वार्ड में बोर खनन कार्य से वार्ड वाशी मे बहुत खुशी थी, वार्ड के सभी लोग मिलकर पुजा अर्चना कर बोर खनन का कार्य प्रारंभ करवाया, इस अवसर पर श्रीमती कविता कुमलेश देवांगन ने वार्डवासियों को बधाई देते हुए कहा की वार्ड के लोगों को पीने के पानी और निस्तारी के पानी की समस्या अब नही होगी। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि रवि आड़ील , निर्मल नायक, नरेश साहू, कन्हैया वर्मा सहित वार्ड वासी उपस्थित रहे।

सेवा सहकारी समिति मोहरेंगा में किसान कुटीर का लोकार्पण

दुर्ग/नवप्रदेश। सेवा सहकारी समिति मोहरेंगा में किसान कुटीर भवन का लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि माननीय श्री ताम्रध्वज साहू गृहमंत्री, विशिष्ट अतिथि श्री आशीष छाबड़ा अध्यक्षता श्री राजेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक मर्यादित दुर्ग ने किया। कार्यक्रम में श्रीमती सरस्वती रात्रे, अध्यक्ष जनपद पंचायत धमधा, श्री कैलाश नाहटा, श्री झूमुक साहू अध्यक्ष सरपंच संघ धमधा, श्री सूर्यप्रकाश शर्मा, श्री टूमन साहू, श्री धनराज बंजारे, श्री जितेन्द्र साहू, श्री अशोक पटेल, श्री भागवत प्रसाद साहू, श्री श्रवण कुमार यादव तथा बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी व समिति के कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर श्री ताम्रध्वज साहू ने अपने उद्बोधन में श्री ओनी कुमार महिलांग अध्यक्ष समिति मोहरेंगा को बधाई दिया। उन्होने फसल परिवर्तन के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया उन्होने कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति सुधरी है व पिछले 04 वर्ष में किसानों का एक भी आत्महत्या प्रकरण प्रकाश में नहीं आया है। गोधन न्याय योजना से किसानों के अन्य आय में वृद्धि हुयी है। इस अवसर पर श्री आशीष छाबड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पूरे देश में धान का सबसे ज्यादा समर्थन मूल्य छत्तीसगढ़ में मिल रहा है, जिसके कारण 2018 की तुलना में धान की खरीदी लगभग दोगुना हो गया है। इस अवसर पर श्री राजेन्द्र साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार की सारी योजनाएँ गांव गरीब और मजदूरों पर केंद्रित है। सरकार के शपथ लेने के मात्र दो घंटे के भीतर कर्जामाफ किया गया। गोधन न्याय योजना से किसान समृद्ध हो रहे है एवं जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। प्रत्येक समिति में किसानों की सुविधा के लिए किसान कुटीर का निर्माण किया जा रहा है।

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई गीता जयंती

■ बजरंगियों ने जाना गीता का महत्व

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल ने जिला कार्यालय राजनांदगांव में बड़े ही आदर और गौरवान्वित रूप से गीता जयंती का पर्व मनाया। विश्व हिंदू परिषद के लिए यह पर्व संगठन के महत्वपूर्ण कार्यों में से एक है, क्योंकि इसी दिन जब कौरवों और पांडवों के बीच कुरुक्षेत्र में महाभारत का युद्ध हुआ तो कौरवों की सेना देख अर्जुन के मन में विषाद उत्पन्न हो गया, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता उपदेश दिए। कहा जाता है कि यह दिन मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी का दिन था, इसलिए हर साल इस तिथि को गीता जयंती मनाई जाती है। विहिप बजरंग दल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने श्रीकृष्णा एवं अर्जुन के कुरुक्षेत्र वाले चलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित कर आरती उतारी तथा महत्वपूर्ण वक्तव्यों से बजरंगियों ने गीता के ज्ञान का अमृतपान किया।

विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सत्संग प्रमुख कृष्णा शुभम महाराज ने बताया कि हिंदू धर्म में कई पुराण, वेद और ग्रंथ हैं, लेकिन श्रीमद् भागवत गीता को 18 महापुराणों में महत्वपूर्ण माना गया है। साथ ही यह एकमात्र ऐसा ग्रंथ है, जिसकी जयंती मनाई जाती है, क्योंकि लगभग अन्य सभी ग्रंथों को ऋषि मुनियों द्वारा लिखा गया है, लेकिन गीता ग्रंथ श्रीकृष्ण के उपदेश पर आधारित है। श्रीमद् भागवत महाभारत का ही अंग है।

बजरंग दल के जिला संयोजक सुनील सेन ने बताया कि संगठन प्रति वर्ष मानव के जीवन को व्यवस्थित रूप से नियोजित करने वाली गीता जो हिंदू धर्म का ग्रंथ है, उसकी उत्पति के दिवस को हर्षोल्लास के साथ मानता है। साथ ही गीता ऐसा ग्रंथ है जिसके उपदेश में कई समस्या के हल छिपे हैं, जिस प्रकार श्रीकृष्ण के उपदेश से ही अर्जुन द्वारा महाभारत का युद्ध जीतना संभव हो सका, ठीक उसी तरह गीता ज्ञान से व्यक्ति भी कठिन परिस्थितियों को हरा कर जीत हासिल कर सकता है।

उक्त कार्यक्रम में विहिप प्रांत सह मंत्री नंदूराम साहू, प्रांत सत्संग प्रमुख कृष्णा शुभम महाराज, विभाग सह मंत्री सुशील लड्ढा, विहिप जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश अग्निहोत्री, जिला सह मंत्री अनूप श्रीवास, संपर्क प्रमुख लाल मुनाई सिंह, विभाग सह संयोजक गोविंदा यादव, बजरंग दल जिला संयोजक सुनील सेन, जिला गौ रक्षा अंशुल कसार, साप्ताहिक मिलन प्रमुख आशीष तिवारी सहित विहिप नगर उपाध्यक्ष अंकित खंडेलवाल, नगर मंत्री बाबाजी मेश्राम, अखिलेश गुप्ता, वरुण पांडे, बजरंग दल के नगर गौरक्षा प्रमुख राहुल ताम्रकार, अखाड़ा प्रमुख भावेश निर्मलकर, राघवेन्द्र मिश्रा, धंजय शुक्ला, प्रणय मुल्लेवार, दक्ष सिन्हा, राघव ठक्कर, गौरव शर्मा आदि बजरंगीगण उपस्थित रहे।

बैंक अध्यक्ष राजेन्द्र साहू ने किया शाखा ननकटठी का आकस्मिक निरीक्षण

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग के अध्यक्ष श्री राजेन्द्र साहू ने 03 दिसंबर को दुर्ग जिले के बैंक शाखा ननकट्ठी का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं बैंकिंग लेन-देन संबंधित जानकारी ली। शाखा के अमानत एवं ऋणों की समीक्षा करते हुए ऋण वितरण में वृद्धि करने, अमानत के संबंध में खातेदारों की संख्या बढ़ाने तथा कृषि ऋण के अलावा गैर कृषि ऋणों का अधिक से अधिक वितरण करने श्री बी.एल.मधुकर शाखा प्रबंधक को निर्देशित किया। शाखा निरीक्षण के दौरान अमानतदारों एवं कृषकों से उपलब्ध सुविधा, बैंकिंग व्यवहार तथा छ.ग.शासन की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। बैंक के मुखिया को अपने समक्ष पाकर वे सभी खुशी जाहिर करते हुए धान खरीदी/ भुगतान प्रक्रिया तथा गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजनाओं के लिए छ.ग.सरकार की जनकल्याण कार्यो की सराहना की। किसानों द्वारा ननकटठी शाखा की बैकिंग सुविधाओं से संतुष्टि व्यक्त की गई।

छात्रों ने मैत्रीबाग का भ्रमण किया

रिसाली/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय रिसाली के विद्यार्थियों ने मैत्री बाग रिसाली स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शैक्षणिक भ्रमण के अंतर्गत स्वाममैत्री बाग का शैक्षणिक भ्रमण किया। शैक्षणिक भ्रमण में जाने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय परिसर नगर पालिक निगम रिसाली के एमआईसी सदस्य एवं शिक्षा विभाग के प्रभारी सनीर साहू , वार्ड पार्षद अनिल देशमुख , जहीर अब्बास, संजू नेताम एवं विद्यालय के प्राचार्य पी रमेश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. रिसाली स्थित मैत्री बाग पहुंचने पर नगर पालिक निगम रिसाली के सभापति केशव बंछोर ने विद्यार्थियों से मिले. समस्त जनप्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों के साथ शैक्षणिक भ्रमण का आनंद लिया। शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ साथ विद्यालय के खेल प्रशिक्षक जावेद कुरेशी, सहायक शिक्षक प्रवीण कुमार यदु, व्याख्याता श्रीमती डिंपल, शिक्षिका श्रीमती निशा संतोष, रक्षा बाजपेई एवं विद्या सिंह शामिल हुए।

कॉलेज में एड्स जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

रिसाली/नवप्रदेश। विश्व एड्स दिवस के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय रिसाली में प्राचार्य डॉ राजेश पांडे के निर्देशन में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी लिनेन्द्र कुमार वर्मा के तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एड्स जागरूकता रैली से की गई ।जिसमें महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। रैली के दौरान एड्स और एच.आई.वी. के प्रति लोगों को जागरूक करने वाले नारे भी लगाए गए। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय में एड्स जागरुकता पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्रीमती निवेदिता मुखर्जी, नूतन देवांगन और डॉ. ममता ने छात्र-छात्राओं से एड्स और एच.आई.वी. के संक्रमण पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि इस रोग से लड़ने का एकमात्र उपाय जागरूकता है। हमारे देश में आंकड़ों के आधार पर युवा सबसे ज्यादा इसके शिकार होते हैं, इसलिए युवाओं को जागरूक होने और दूसरों को जागरूक करने की जरूरत है। आगे राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अधिकारी श्री लिनेन्द्र कुमार वर्मा ने भी छात्र-छात्राओं के समक्ष अपने विचार रखे। उन्होंने एच.आई.वी.एड्स के प्रति उन्हे जागरूक करते हुए अपने वक्तव्य के दौरान कहा कि एचआईवी एड्स से न केवल हमें लोगों को पीड़ित होने से बचाना है, बल्कि इससे शिकार लोगों के प्रति भेदभाव पूर्ण रवैय्या अपनाने से भी बचना है। उनके साथ सामान्य मनुष्य जैसा ही व्यवहार किया जाना चाहिए ताकि वे इस लाइलाज रोग से सकारात्मकता के साथ लड़ सके। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ नागरत्ना गनवीर, डॉ रीतू श्रीवास्तव, शंभू प्रसाद निर्मलकर, सतीश गोटा, वेद प्रकाश सिंह, करण विश्वकर्मा एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम को सफल बनाया।

कमला कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य चेतना एवं जीवन कौशल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनादगांव में महिला प्रकोष्ठ द्वारा सेंट्रल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरो साइंस देवादा राजनांदगांव के तत्वाधान में 17 नवंबर को कमला कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य चेतना एवं जीवन कौशल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डा. आलोक मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. आभा शशिकुमार, मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता, सिम्हान्स, देवादा, मिस श्रद्धा सोनटेके नर्सिंग प्रभारी श्रीमती सुनीता किशोर चौरसिया कार्यक्रम संयोजक, नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया।

प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। महिला प्रकोष्ठ की को-ऑर्डिनेटर डॉ. हरप्रीत कौर गरचा ने कार्यक्रम के उद्देश्य एवं लक्ष्य पर प्रकाश डाला। नर्सिंग कॉलेज के छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम को रोचक बनाने हेतु नशापान एवं डिप्रेशन पर लघु नाटिका प्रस्तुत किया गया।

कु. श्रद्धा सोनटेके मैन्टल हेल्थ एंड न्यूरो साइंस संस्था के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि संस्था में औषधि चिकित्सा, साइकोथेरपी, बायो फीडबैक, रिलेक्सेशन थेरेपी, प्राकृतिक चिकित्सा, पंचकर्म, शुद्ध शाकाहारी भोजन इत्यादि की व्यवस्था है।

डॉ. आभा शशि कुमार द्वारा नशे से उत्पन्न रोगों की जानकारी देते हुए बताया गया कि नशे से होने वाले शारीरिक मानसिक व व्यवहारिक रोग उत्पन्न होते हैं। मनोवैज्ञानिक बीमारी के अंतर्गत चिंता, घबराहट, आक्रामकता, शंका, भ्रम उदासी, आत्महत्या का प्रयास, चिड़चिड़ापन, क्रूर व्यवहार आदि आते है। शारीरिक बीमारी, पेट, त्वचा, यकृत तिल्ली, हृद्धय रोग, कैंसर जैसे असाध्य रोग उत्पन्न होते हैं। रोगी का प्रत्याहार लक्षणों के साथ-साथ अन्य शारीरिक बीमारियों का भी उपचार किया जाता है, इसके साथ-साथ रोगी एवं उनके परिजनों की समूह एवं व्यक्तिगत रूप से परामर्श दी जाती है। डॉ. निवेदिता ए. लाल ने कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए छात्राओं को नशामुक्त रहने एवं स्वस्थ रहने की बात कही।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. जीपी रात्रे ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में डॉ. बृजबाला उइके, श्रीमती रामकुमारी धुर्वा, डॉ. बसंत कुमार सोनबेर, डॉ. मोना माखीजा, कु. प्रिया, कु. प्रतिमा नर्सिंग महाविद्यालय की छात्राएं तथा महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही।

व्यायाम शिक्षकों ने बैठक में विभिन्न लंबित मांगों को लेकर अपनी आवाज किया बुलंद

खरोरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ शारिरिक शिक्षा शिक्षक संघ इकाई जिला रायपुर द्वारा समस्त व्यायाम शिक्षको का बैठक पं. जे. एन. पाण्डे शासकीय बहुद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर में पीयूष सैमुअल जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में रखा गया। बैठक में सभी व्यायाम शिक्षकों ने अपनी अपनी बाते रखी जिसमे विभिन्न लंबित मांगों के विषय में विस्तार से चर्चा परिचर्चा कर प्रारंभिक स्तर पर शासन प्रशासन से पत्राचार के माध्यम से अपनी मांगो को पूर्ण कराने पर सहमति बनी । यदि लंबित मांगों की पूरा नहीं होने पर उचित कदम उठाए जाने पर सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित कर एक स्वर में अपनी आवाज बुलंद किया।बैठक का संचालन भोजराम मनहरे ने किया। बैठक में संघ के पीतांबर पटेल प्रदेश महासचिव ,राकेश प्रधान प्रदेश कोषाध्यक्ष , पीयूष सैमुअल जिलाध्यक्ष ,भोजराम मनहरे जिला सचिव, ओंकेश्वर सोनवानी ब्लॉक अध्यक्ष आरंग,रितेश चंद्राकर ब्लॉक अध्यक्ष अभनपुर व वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक बी.आर. साहू, संजय शुक्ला,संदीप गोविलकर, प्रकाश कश्यप, पी. एन.अली , अनंत नेताम , रामलाल पटेल,सी. एम.टेंभुरकर,आर. एल.तारक के अलावा बड़ी संख्या में रायपुर जिले के सभी व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे।

पद्मनाभपुर उद्यान की डेमो क्लास में महापौर, राज्य महिला आयोग अध्यक्ष व एल्डरमैन सहित सैकड़ों लोग कार्यक्रम में हुए शामिल

■ 16 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक शिविर दुर्ग पद्मनाभपुर में

दुर्ग/नवप्रदेश। शहर के पद्मनाभपुर स्टेडियम में 16, 17 व 18 दिसम्बर को सुबह 6:30 से 8:30 बजे निःशुल्क कैंप का आयोजन किया है।'सही आहार, सही व्यायाम और सही ध्यान' पर आधारित शिविर की केंद्रीय अवधारणा मस्तिष्क की ऊर्जा को जागृत करती है, जो व्यक्ति को स्वयं का स्वामी बनने की ओर ले जाती है। शिविर में 'प्रवचन नहीं, प्रयोग, थीम पर 'शब्दों' की जगह परिणाम देने वाली तकनीक बताई जा रही है। सत्र के बाद, वैज्ञानिक रूप से डिजाइन किया गया क्षारीय नाश्ता परोसा जाता है जो मस्तिष्क की ऊर्जा को जगाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने में मदद करता है और इसके लिए आवश्यक पोषक तत्वों को पूरा करता है।इंदौर से आए युवाओं द्वारा आयोजित शिविर की सफलता को देखते हुए हैप्पीनेस क्लब, सिंधु भवन, एसएसडी धाम, अटल उद्यान पदनाभपुर, सुराना भवन, सिटी सेंटर मॉल स्टेशन रोड सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 4 दिसंबर रविवार को शिविर का आयोजन किया गया है। महावीर लेक व्यू सोसायटी के अध्यक्ष पराग जैन ने सोसाइटी के सदस्यों से शिविर में भाग लेने का आग्रह किया है। शिविर में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। रजिस्ट्रेशन 11, 12 व 13 दिसंबर को सुबह 7 से 9 बजे तक पद्मनाभपुर स्टेडियम में पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।सन टू हयूमन फाउंडेशन के सदस्यों ने श्री परम आलय जी के मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से भारत और विदेशों में 200 से अधिक शिविरों का आयोजन करने के बाद, स्वस्थ शरीर, शांत मन और आनंदम के प्रति लोगों को जगाने शहर के पद्मनाभपुर स्टेडियम में 16, 17 व 18 दिसम्बर को सुबह 6:30 से 8:30 बजे निःशुल्क कैंप का आयोजन किया है।आज के पद्मनाभपुर उद्यान की डेमो क्लास में महापौर धीरज बाकलीवाल,रायपुर पूर्व महापौर किरणमयी नायक और एल्डरमेन राजेश शर्मा सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में साथ चलीं जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी

■ उज्जैन से आगर की यात्रा में शामिल हुईं प्रज्ञा

बेमेतरा/नवप्रदेश। राहुल गाँधी की भारत जोड़ो यात्रा में जिला पंचायत बेमेतरा की सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी उज्जैन से आगर की ओर चल रहें यात्रा में शामिल हुईं। प्रज्ञा निर्वाणी ने राहुल गाँधी के पूछने पर बड़े विस्तार से महिला स्व सहायता समूहों के लिए भूपेश बघेल सरकार के कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि किस तरह सी मार्ट के जरिये छत्तीसगढ़ की सरकार उनके उत्पादों को न केवल खरीद ही रही हैं बल्कि जिला मुख्यालयों में बेचने बड़े मार्ट बनाये हैं, जिससे स्व सहायता समूह की महिलाओं को आर्थिक स्वावलंबन मिला हैं। जब उन्होंने राहुल गाँधी को बताया तो राहुल गाँधी ने उन्हें अपने जिलें भर के महिला स्व सहायता समूहों के अधिक से अधिक समर्थ बनाने के लिए उनके बीच जाकर काम करने को कहा और आस्वस्त किया कि ग्रामीण महिला समूहों के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। बतौर जिला पंचायत सदस्य ग्रामीण अंचल में किये गए कार्यों को भी प्रज्ञा निर्वाणी ने राहुल गाँधी को अवगत कराया। बकौल प्रज्ञा वो बीते 7 दिनों से भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हैं, राहुल गांधी के साथ चल रहें हजारों भारत यात्रियों में पूरे देश की उपस्थिति दिखती है, रोजाना 20 से 25 किलोमीटर पैदल चलने की थकान का अहसास ही नहीं होता। वो अब राहुल गाँधी के आदेश अनुसार जिलें भर के महिला स्व सहायता समूहों के बेहतरी के लिए उनकी सहायता के लिए अधिक सक्रियता से काम करेंगी। प्रज्ञा निर्वाणी ने यह भी कहा बेमेतरा जिलें के महिला समूहों के बनाये बड़ी बिजौरी को लेकर राजस्थान की यात्रा में शामिल रहकर राहुल गाँधी को भेंट करेंगी। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान प्रज्ञा ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ, महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शोभा ओझा, मीनाक्षी नटराजन, उत्तर दिल्ली के पूर्व संदीप दीक्षित, जेएनयू के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार से भी मुलाकात की।

छेड़छाड़ के आरोपी को 3 वर्ष की कारावास

भाटापारा/नवप्रदेश। गणेशपुर निवासी आरोपी जेक्सन मसीह को नाबालिक पीड़िता के लज्जा भंग करने के आशय से उनके शरीर के पीछे कमर को पकड़कर पीड़िता को बेईज्जती करने की नियत से उनके सीना को दबाकर लैंगिक हमला कारित करने के अपराध में विशेष न्यायाधीश (पाक्सो) किरण त्रिपाठी ने 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं आर्थिक दण्ड से दंडित किया।

विशेष अपर लोक अभियोजक भाटापारा न्याजी खान ने इस प्रकरण के बारे मे बताया की प्रार्थीया के द्वारा थाना सिमगा मे दर्ज कराया कि वह अपने घर की दिवाल की पोताई कर रही थी तभी आरोपी आया और पीड़िता के कमर के पास को छूने लगा जिससे पीड़िता आरोपी के हाथ को हटायी तब आरोपी ने पीड़िता को बेइज्जत करने की नियत से पीड़िता के सीना को दबा दिया। पीड़िता की माँ ने पीड़िता के सीने को दबाते देखकर आरोपी को एक थप्पड़ मारी जिससे आरोपी भाग गया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी उपरांत थाना सिमगा के सहायक उपनिरीक्षक मनोहर सिंह राजपूत एवं सहायक उप निरीक्षक ईश्वर टोप्पो द्वारा संपूर्ण विवेचना पश्चात प्रकरण विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय के समक्ष पीड़िता एवं उसकी माँ ने अपने कथन में आरोपी द्वारा किये गए छेड़छाड़ एवं बेईज्जति की घटना को बताई। विशेष न्यायाधीश भाटापारा किरण त्रिपाठी द्वारा प्रकरण की गंभीरता, अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों का परिशीलन करते हुए आरोपी जेक्सन मसीह को धारा 354 भा. द. सं. में तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रुपये अर्थदंड तथा धारा 08 पाक्सो एक्ट में भी तीन वर्ष सश्रम कारावास एवं 2000/- रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया।

आरक्षण कटौती के विरोध में प्रदर्शन आज

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। आरक्षण कटौती के विरोध में पलारी के सतनामी समाज द्वारा 05 दिसंबर को पलारी नगर में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया का दोपहर 1 बजे पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है जिसमे शासन से माँग की जा रही है कि प्रदेश की कांग्रेस पार्टी की सरकार द्वारा आपकी चुनावी घोषणा पत्र में अनुसूचित जाति को 16 प्रतिशत आरक्षण देने घोषणा की गयी थी जिसको दिया जाए । माननीय उच्च न्यायालय द्वारा भी 16 प्रतिशत देने के निर्णय की अनदेखी कर विधानसभा में 13 प्रतिशत करने से अनुसूचित जाति में रोष व्याप्त है । विरोध प्रदर्शन में अनुसूचित जाति के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान सतनामी समाज पलारी द्वारा किया गया है ।

शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 4 व्यक्तियों के वाहन जब्त,, न्यायालय में गया मामला

भाटापारा/नवप्रदेश। थाना भाटापारा ग्रामीण एवम यातायात पुलिस भाटापारा की संयुक्त टीम ने शराब पीकर वाहन चलाने वालो की जांच कर 4 व्यक्तियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उनके खिलाफ धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध न्यायालय में पेश किया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाकर शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के निर्देश पर अति0 पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा सिद्धार्थ बघेल के दिशा निर्देश,पर ग्रामीण थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद मंडावी द्वारा विशेष अभियान चलाकर शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले 1 शेखर आडिल निवासी जेठानी थाना सोहेला 2 मुकेश यादव निवासी मोपका थाना भाटापारा ग्रामीण 3 मालिक राम साहू ग्रा रवान थाना बलोदा बाजार 4 केशव कुमार ध्रुव निवासी बाकूलाई थाना भाटापारा ग्रामीण को शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने से चारो आरोपियों पर धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही कर मोटर साईकल को जप्त कर न्यायालय में पेश किया गया। मंडावी ने बताया की वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर यातायात पुलिस के साथ अभियान लगातार जारी रहेगा।

पटना साहब की यात्रा से लौट रहे यात्रियों का स्टेशन पर हुआ स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। पंजाबी युवा समिति के अध्यक्ष अमरजीत सलूजा ने बताया कि भाटापारा गुरु सिंह सभा के द्वारा दुर्ग भिलाई से पटना साहब यात्रा में गए 300 लोगों का जोरदार स्वागत भाटापारा रेलवे स्टेशन में किया गया वही यात्रियों के लिए चाय नाश्ते की व्यवस्था की गई एवं उनका उत्साह वर्धन किया गया। संगत शब्द कीर्तन करते हुए यात्रा का आनंद लेते हुए जा रही थी। पंजाबी युवा समिति की ओर से सोनू छाबड़ा रोबिन चावला हैप्पी वीर हनी दत्ता राजू सलूजा गगन आनंद जॉन्टी गुंबर गुरमीत गुंबर उमंग चावला गोलू उपवेजा रिंकल छाबरा आदि बहुत संख्या में युवा सदस्य उपस्थित थे। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्रधान बलवंत सिंह सलूजा, राजा गुंबर बबलू चावला मनजीत सप्पल तीर्थ यात्रा करके वापस आय संगत का स्वागत किया और बधाई दी ।

किसान उत्साह से कर रहे पैरादान

राजनांदगांव/नवप्रदेश।। कलेक्टर डोमन सिंह के निर्देशन और एसडीएम अरूण वर्मा के मार्गदर्शन में राजनांदगांव तहसील के राजस्व, पंचायत सहित अन्य विभागों के मैदानी अमला, पैरादान करने हेतु घर-घर अभियान चला रहे है। इसी क्रम में अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान तहसीलदार प्रफुल्ल कुमार गुप्ता अपने राजस्व टीम राजस्व निरीक्षक हरीश कश्यप, पटवारी हेमंत वर्मा एवं पंचायत टीम के साथ ग्राम भेड़ीकला में पैरादान करने हेतु किसानों से चर्चा की। अभियान प्रारंभ करने के एक घंटे के भीतर ही 20 किसानों ने पैरादान करने की सहमति दे दी। पैरादान कराने में सरपंच, जनपद सदस्य सहित अन्य की विशेष भूमिका रही। सभी किसानों ने पैरादान करने काफी उत्सुकता जाहिर की। 20 किसानों ने लगभग 100 ट्रैक्टर पैरादान किया। इसी तरह ग्राम मुदपार, बीरेझर, देवाडा आदि ग्रामों में भी घर-घर दस्तक देकर पैरादान करने प्रेरित किया गया। जिससे 26 किसानों ने 54 ट्रैक्टर पैरादान करने अपनी सहमति प्रदान की। तहसीलदार श्री प्रफुल्ल कुमार गुप्ता ने बताया की पैरादान करने मैदानी अमले के माध्यम से हर ग्राम में घर-घर दस्तक देकर जागरूक किया जा रहा है।

कमजोर संगठन व पदाधिकारियों की वजह से कार्यकर्ताओं में मायूसी

गरियाबंद/नवप्रदेश। एक बार फिर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के जिला प्रवास की तैय्यारी है , इसके पहले भी पहले भी जिले में सीएम का भेंट मुलाकात कार्यक्रम तय था ,किंतु एन वक्त पर स्थगित कर दिया गया। तत्समय जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भावसिंह साहू ने कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर गुटबाजी से दूर रहने की चेतावनी कांग्रेसी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं को दी थी, किन्तु दूसरे ही दिन नगर में लगे बैनर पोस्टरों में गुटबाजी नजर आने लगी। इन पोस्टरों में राजिम विधायक अमितेश शुक्ल की फोटो लगाना भी जरूरी नहीं समझा गया था।

गुटबाजी के कारण जनहित के कार्य प्रभावित

गरियाबंद पालिका क्षेत्र में अनेक ऐसे बेफिजूल निर्माण कार्य , साथ ही कुछ ऐसी अव्यवस्थित गतिविधियां हो रही है जिनके विरोध की पुरजोर आवश्यकता है , किंतु गुटबाजी की वजह से कांग्रेसी कार्यकर्ता चुप्पी साधे हुये है। मसलन कुछ सप्ताह पहले से साप्ताहिक सब्जी बाजार मंडी स्थल में लगाया जा रहा है, किंतु वहाँ सब्जी विक्रेताओं और खरीददारों दोनों के लिये सुविधाओ का अभाव है। रावनभाटा के सामने फौव्वारा आदि लगाकर लाखों रुपये खर्च करने का क्या औचित्य है ये पूछने वाला कोई नहीं है। राष्ट्रीय राजमार्ग के बिल्कुल किनारे कमीशनखोरी के लिये एक दिमागी फितूर को आकार दिया गया है। कुछ वर्षों पूर्व बस स्टेंड व आस पास से ठेले - खोमचें वालों को हटाकर गौरवपथ किनारे स्थान दिया गया , अब उनके विस्थापन की व्यवस्था किये बगैर उन्हें वहां से भी हटा दिया गया ,जिससे नगर के अनेक लोग बेरोजगार हो गये। सब्जी बाजार में प्रतिदिन छोटे मोटे ठेले खोमचें पसरा व्यवसायियों से दखल शुल्क के नाम पर एक नया टेक्स लिया जाने लगा है।

कौन है विधायक प्रतिनिधि

जिले के राजिम विधानसभा क्षेत्र के नगरीय निकायों में प्रति कुछ दिनों में एल्डरमैन व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी बदल दिये जाते हैं। राजिम विधायक प्रतिनिधि कौन है ऐसे लेकर सदैव संशय की स्थिति रही है। जनपद , जिला पंचायत, व नगरीय निकायों की सामान्य सभा तथा ऐसी ही अन्य बैठकों में अलग अलग अलग विधायक प्रतिनिधि केवल एक दिन के लिये नियुक्त होते हैं , शाम तक गुब्बारे की हवा निकल जाती है।

ऐसे ही अनेक मौके बे मौके पर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष की निष्क्रियता और कमजोरी अक्सर नजर आती रही है। प्रारम्भिक कार्यकाल के बाद गरियाबंद ब्लॉक व शहर अध्यक्ष भी अब लगभग निष्क्रिय है। इसी वजह से जिले में कांग्रेस संगठन कमजोर होता जा रहा है। कांग्रेसी कार्यकर्ताओं में ताल - मेल का अभाव है। ज्ञात हो कि गरियाबंद ब्लॉक में राजिम एवं बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा का क्षेत्र भी आता है, अधिकतर पंचायतें बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र में है और आदिवासी बहुल है, किंतु कांग्रेस संगठन में गुटबाजी के चलते ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रमुख पदाधिकारी सिर्फ राजिम विधान सभा क्षेत्र से ही बनाये गये है।

स्वास्थ्य मितानीन सम्मेलन एवं सम्मान समारोह सम्पन्न

■ प्रशिक्षण भवन बनाने के लिए 20 लाख देने की घोषणा की

■ दुर्ग ब्लॉक के 500 से अधिक मितानीन बहनें गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के हाथों हुई सम्मानित

उतई/नवप्रदेश। हनोदा में स्वास्थ्य सेवा में उलेखनीय कार्य कर रही दुर्ग ब्लॉक के मितानीन बहनों का स्वास्थ्य सम्मेलन एवं मितानिन सम्मान समारोह रविवार को किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता दुर्ग जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव ने की। विशेष अतिथि केश शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष नंद कुमार सेन, कृषि मंडी बोर्ड सदस्य तारकेश्वर चन्द्राकर, जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चन्द्राकर,जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख , जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड, समाज सेवी हर्ष साहू, सहकारिता प्रकोष्ट अध्यक्ष रिवेंन्द्र यादव, जनपद सदस्य बुध्वंतिन मधुकर, सरपँच ग्राम पंचायत हनोदा तेजराम चंदेल विशेष अतिथि थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दिप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मितानीन बहनों द्वारा प्रेरणाप्रद गीत ,नृत्य नाटक की प्रस्तुति दी गई।कार्यक्रम में ताम्रध्वज साहू ने कहा कि प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में हमारी मितानिन बहनों की मेहनत का बहुत बड़ा योगदान रहा है। राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो प्रगति हासिल की हैं, वह मितानिनों के प्रयास के बिना संभव नहीं होती। मितानिन दीदियों के संघर्ष, साहस और सहयोग की सराहना करते हुए उन्हें साड़ी और प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं को ग्राम स्तर पर पहुंचाने में मितानिनों के योगदान पर उन्हें बधाई दी और इसी तरह बेहतर काम करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने मितानिन प्रशिक्षण भवन बनाने के लिए 20 लाख देने की घोषणा की। पश्चात दुर्ग ब्लाक के मितानिन बहनो का गिप्ट व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मौजूद जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव ने भी मितानिन दीदियों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा कि कोविड के दौरान मितानिनों द्वारा गांव-गांव जाकर दवाई वितरण और टीकाकरण के प्रति लोगों को जागरूक करने में जो अथक मेहनत की सराहनीय है। इस बीच कार्यक्रम में मौजूद मितानिनों ने अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यक्रम का संचालन खिलेंन्द्र संजू यादव व आभार बीएमओ डीके बेलचंदन ने किया। कार्यक्रम में हर्ष साहू, डीकेन्द्र हिरवानी, भरत चंद्राकर, दिवाकर गायकवाड़, तारकेश्वर चंद्राकर, टिकेश्वरी देशमुख, धनोरा सरपंच मनीष साहू, उमरपोटी सरपंच टीकेन्द्र ठाकुर, मचांदूर दिलीप साहू, सरपंच कातरो सरपंच मंजू यदु, सुमन साहू, रोशन साहू, गोवर्धन बारले, सरोज पटेल, राजूलाल देशमुख, माखन साहू, टिकेश्वरी देशमुख,बीएमओ डीके बेलचंदन, जजंगिरी सरपंच रेखा चतुर्वेदी ,जनपद सदस्य हरेंद्र धृतलहरे, गूँजेश्वरी साहू, संगीता साहू, ममता साहू, परमिला साहू, भरत चंद्राकर, विक्की मिश्रा, दीपिका चंद्राकर सहित सैकड़ों मितानिन बहने मौजूद थी।

डांस प्रतियोगिता के आयोजन से बच्चों में छिपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। ग्राम तुरमा (लवन) में संगवारी ग्रुप्स एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित नाचबो आउ नचाबो डांस प्रतियोगिता एवं भव्य मड़ाई मेला कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता गौरीशंकर अग्रवाल मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए उन्होंने भारी संख्या में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए अपने सारगर्भित उद्बोधन में कहा कि डांस प्रतियोगिता एवं मड़ाई मेला के आयोजन से जहां पौराणिक परंपरा की याद ताजा होती है। वहीं कार्यक्रम के आयोजन से मनोरंजन होता है। वहीं उन्होंने डांस प्रतियोगिता की प्रशंसा करते हुए कहा ऐसे कार्यक्रम से न सिर्फ मनोरंजन होता है। बल्की बच्चों का मानसिक विकास होता है, और बच्चों में छुपी प्रतिभा निखर कर सामने आती है। तथा ऐसे कार्यक्रम को लेकर संगवारी ग्रुप्स एवं ग्राम वासियों का धन्यवाद ज्ञापित किया । आज के इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ अजय राव जिला पंचायत के सदस्य नवीन मिश्रा भुनेश्वरी तिलक वर्मा किसान वैष्णव योगेश वर्मा

रामकुमार साहू विजय यादव प्रेम लाल साहू रानी यादव रामनाथ यादव रमैया लाल साहू पवन साहू प्रशांत यादव भावेश तिवारी विकास अग्रवाल ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि अश्वनी नरेंद्र पैकरा सोनाराम साहू मनेंद्र जायसवाल पदुम साहू युगेश वर्मा गजानंद वर्मा पप्पू सिंघम नारायण साहू ओमप्रकाश साहू उमाशंकर निषाद अजय साहू पप्पू साहू सुनील टोन्द्रे, अनिल श्रीवास विजय गोयल राजू साहू राम साहू सूजेलाल साहू उप सरपंच श्री रतीराम पंचगण भूपेंद्र टंडन रोज पैकरा संरक्षक पुनीत साहू सह संरक्षक उत्तर टंडन अध्यक्ष प्रेमनारायण ध्रुव कार्यकारिणी अध्यक्ष डेविड कुमार प्रजापति उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पैकरा राजेश साहू शितेंद्र देवांगन सचिव जनकराम पैकरा सहसचिव फाल्गुनी साहू सहित भारी संख्या में ग्रामवासी गण उपस्थित थे ।

हाथी मानव द्वंद से बचाने वन विभाग के कर्मचारी-अधिकारी हुए प्रशिक्षित

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छ.ग. शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा रायपुर वन वृत्त के वनमंडल बलौदाबाजार अंतर्गत डीएफओ मयंक अग्रवाल के निर्देश में उपवनमंडल कसडोल के परिक्षेत्र देवपुर के प्रशिक्षण केन्द्र में वर्तमान में हाथी विवरण एवं समस्या को दृष्टिगत रखते हुए एक दिवसीय गजराज (हाथी) प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें श्री प्रभात दुबे हाथी एक्सपर्ट सरगुजा के द्वारा छत्तीसगढ़ में हाथी संघर्ष को समझना और प्रबंधन पर आधारित प्रशिक्षण में हाथी के प्रकार,छत्तीसगढ़ में हाथी की वर्तमान स्थिति,संख्या, भोजन, हाथीयों की पहचान, उनका जीवनकाल के संबंध में प्रेजेंटेपन आधारित प्रशिक्षण देकर विस्तृत जानकारी दिया। दोपहर बाद सत्र में हाथियों में समाजिक व्यवहार एवं संचार के तहत हाथी के ग्रुप

विचरण की क्षेत्रावली, प्रजनन,आवृत्ति, समाज संगठन की जानकारी श्री दुबे जी के द्वारा दिया गया।बाद के सत्र में मानव हाथी संघर्ष के तहत मानव द्वंद्व के कारण,निदान एवं सुरक्षा के विभिन्न उपायों की जानकारी सरल भाषा में दी गई। उक्त एक दिवसीय गजराज (हाथी) प्रशिक्षण कार्यशाला में उपवनमंडल कसडोल अंतर्गत देवपुर, अर्जूनी, सोनाखान, बिलाईगढ़ परिक्षेत्र के कर्मचारी,अधिकारी, वन प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा सभी परिक्षेत्र से हाथी मित्र के सदस्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त कर फिल्ड में होने वाले विभिन्न परेशानियों से सवाल जवाब कर समाधान कारक उपाय से रूबरू हुए। प्रशिक्षण के दौरान हाथी मित्र के सदस्यों को हाथी मित्र दल की टी शर्ट का वितरण वनमंडल बलौदाबाजार के तरफ से किया गया। प्रशिक्षण के अंत में परिक्षेत्र अधिकारी देवपुर विजयंत तिवारी द्वारा समस्त प्रशिक्षक, कर्मचारी,समिति अध्यक्ष एवं हाथी मित्रों का धन्यवाद ज्ञापित कर प्रशिक्षण समापन की घोषणा की। गौरतलब है कि वन विभाग द्वारा हाथी मानव द्वंद से बचाने लगातार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

फसल चक्रण के साथ जल संरक्षण भी है जरूरी

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। छत्तीसगढ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण क्रेडा द्वारा ऊर्जा एवं जल संरक्षण पर कृषि विज्ञान केन्द्र भाटापारा जिला बलौदाबाजार मे एक दिवसीय किसानों को जागरूक करने के संबंध मे कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला मे वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कश्यप ने ऊर्जा एवं जल संरक्षण पर प्रकाष डालते हुये किसानो को फसल चक्रण एवं ग्रीष्म काल मे धान के बदले अन्य फसल लेने पर जोर दिया। इसी प्रकार श्री बी.के राठौर ने कृषि मे जल की कम खपत, विकट परिस्थितियो मे फसल खराब होने पर फसल की बीमा कराने, स्प्रीकलर द्वारा कृषि कार्य किये जाने संबंधी विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके बाद श्री पी.के.जैन अधीक्षण अभियंता क्रेडा रायपुर द्वारा ने विभिन्न विभागीय योजनाओं के साथ साथ सौर ऊर्जा चलित उपकरणो की संपूर्ण

जानकारी प्रदान की। कार्यशाला मे कृषि विभाग के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्री एस.के वर्मा द्वारा कृषि कार्य मे उपयोग आने वाले उपकरणों संबंधी जानकारी देते हुये उपकरणों पर विभागीय अनुदान एवं कृषि संबंधी मौसमी जानकारी के एप्प के उपयोग की जानकारी भी दी गई। साथ ही कार्यक्रम मे उपस्थित श्री जे.एन. बैगा. कार्यपालन अभियंता क्रेडा रायपुर द्वारा ने विभागीय योजनाओं एवं प्राकृतिक संषाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन की जानकारी देते हुये कृषको को जागरूक किया गया। कार्यक्रम मे वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कश्यप द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र मे कम पानी मे अधिक फसल देने वाले किस्मों को प्रदर्शन का अवलोकन कराया गया । कार्यक्रम मे सहायक अभियंता गणेश प्रसाद साहू द्वारा फसल मे धान एवं दाल-दलहन का चक्रण करने एवं वृक्षरोपण पर विशेष बल दिया। उक्त कार्यषाला मे कृषि विज्ञान केन्द्र के विद्यार्थियों सहित जिले के 110 से अधिक किसान उपस्थित थे।

प्रदेश सरकार के विभिन्न विकास कार्यो का जिले में नहीं दिख रहा असर

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रदेश शासन के द्वारा विभिन्न विकास कार्यो के जिले में क्रियान्वयन नहीं होने के कारण जिले का विकास कार्य पर अनुकूल असर नहीं दिखाई दे रहा है। महिला स्व सहायता समूह द्वारा संचालित रेडी टू ईट को बंद कर शासन के द्वारा बीज निगम के द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में सप्लाई कार्य प्रारंभ किया गया है। किन्तु लगभग 8 महीना बीत जाने के बाद भी आपूर्ति सुचारू रूप से व्यवस्थित नही हो पाई है। साथ ही कई स्थानों पर रेडी टू ईट के गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे है। समय-समय पर जांच नहीं होने के कारण शासन की यह महत्वपूर्ण योजना सुपर प्लाप होती नजर आ रही है।

आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को पौष्टिक आहार देने के उद्देश्य से रेडी टू ईट का संचालन पूर्व में महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से कराया जा रहा था। जिसे राज्य शासन ने रद्दों बदल करते हुए बीज निगम के माध्यम से रेडी टू ईट का सप्लाई करने की योजना बनाई गई। 8 माह बीत जाने के बाद भी उचित प्रबंधन नही होने के कारण दूरस्थ इलाकों में पोषणयुक्त रेडी टू ईट की आपूर्ति नही हो पा रही है। जिसके चलते आंगनबाड़ी केंद्रों में पहुंचने वाले बच्चों को रेडी टू ईट से वंचित होना पड़ रहा है। वही रेडी टू ईट के आपूर्ति व्यवस्था ठीक नही होने के कारण कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों में आपूर्ति की गई है। जिनमें गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ रहे है। प्रमुख रूप से आटा में कई शिकायतें का मामला उजागर हुआ है। वास्तविकता में रेडी टू ईट की इस आपूर्ति का समय-समय पर महिला एवं बाल विकास के द्वारा गुणवत्ता की जांच की जानी थी। किन्तु अब तक गुणवत्ता की जांच नही की गई है। इस संबंध में जिला कार्यक्रम अधिकारी सुरेश सिंह का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच की जाएगी। बीज निगम द्वारा रेडी टू ईट की आपूर्ति के संबंध में बीज निगम के जिला कार्यालय से जानकारी लेने पर उन्होने बताया कि हमारे यहां से कोई सप्लाई नही की जाती यह सीधे रायपुर से सप्लाई की जाती है।शासन की इस महत्वपूर्ण योजना के संबंध में जिले में की जा रही लापरवाही चिंतनीय विषय है।

इस संबंध में विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि रेडी टू ईट के संबंध में शिकायते मिल रही है। इस संबंध में संबंधित विभाग से जानकारी लेकर व्यवस्था को दुरूस्थ कराया जाएगा। दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जाएगी। वही जिला काग्रेस के जिलाध्याक्ष सागर सिंह ने कहा की मामले के सम्बध मे जानकारी ली जावेगी और व्यवस्था दुरूस्त कराया जावेगा।

■ न्यूज गैलरी

चार साल पूरा होने पर 17 को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

महासमुंद/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर के शानदार चार साल का कार्यकाल पूरा होने पर 17 दिसंबर को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है। विनोद चंद्राकर फैंस क्लब महासमुंद के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। विनोद चंद्राकर फैंस क्लब महासमुंद के पदाधिकारी व पार्षद बबलू हरपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर के चार साल का गौरवशील कार्यकाल पूरा होने पर भव्य कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए 17 दिसंबर को शाम छह बजे से शहर के हाई स्कूल मैदान में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमें शहनाज अख्तर एंड ग्रुप द्वारा माता का जगराता की प्रस्तुति होगी। साथ ही संबलपुरी सुपरस्टार रूकु सोना एंड ग्रुप का कार्यक्रम आयोजित है। उन्होंने बताया कि आयोजन को लेकर विनोद चंद्राकर फैंस क्लब द्वारा जोरशोर से तैयारी की जा रही है।

केशरवानी वैश्य नगर सभा का गठन

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर पिपरिया में केशरवानी वैश्य नगर सभा का गठन किया गया है जिसमें निम्न पदाधिकारियों का चयन किया गया है जो कि इस प्रकार है संरक्षक मंडल मोहन लाल केशरी,गैंद लाल केशरी,पूरन केशरी,भरत केशरी,सन्तोष केशरी,बलदाऊ केशरी,लवकुश केशरी,।अध्यक्ष सतीश केशरी,उपाध्यक्ष सुरेश केशरी,अनिल केशरी ।सचिव महेश केशरी (हीरा)सह सचिव-सुजीत केशरी,कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी,महामंत्री-रिन्कू केशरी,मिडिया- प्रभारी मयंक केशरी, मनोज केशरी, ।कार्यकारणी -सदस्य राजेंद्र गुप्ता,विक्रम केशरी, छोटे लाल केशरी,सिल्लू केशरी ,गुल्ला केशरी, अश्वनी केशरी(पोनु),जितेंद्र केशरी,सुर्यांश केशरी,निरंजन केशरी,नागेश्वर ,विष्णु, दिनेश, नूतन, सुरेन्द्र केशरी(झिरना)है ।

कबाड़ से जुगाड़ मेला में शाप्रा शाला मानिकचौरी प्रथम स्थान

कवर्धा/नवप्रदेश। 2 दिसंबर 2022 को शहर के जिला ग्रंथालय भवन में विकासखंड स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ स्रस्न्न-ञ्जरूमेला का आयोजन किया गया। जिसमें विकासखंड कवर्धा के 39 स्कूलों से प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विभाग के विजेता प्रतिभागी संबंधित शिक्षकों के साथ मेले में शामिल हुए। कबाड़ में जा चुके सामानों को एक ऐसा नया रूप देना, जिससे बच्चों की भाषाई एवं गणितीय कौशल के विकास में सहायक सामग्री के रूप में उपयोग में लाई जा सके, इसी उद्देश्य को लेकर यह प्रतियोगिता आयोजित की गई।जिसमें प्राथमिक विभाग में शासकीय प्राथमिक शाला मानिकचौरी, संकुल केंद्र मानिकचौरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । जिला शिक्षा अधिकारी कबीरधाम श्री महेंद्र गुप्ता द्वारा विद्यालय के शिक्षक श्री रवि किशोर सिन्हा एवं छात्र लोमश साहू पुरस्कृत हुए। इस अवसर पर सहायक संचालक कबीरधाम श्री यू.आर.चंद्राकर,जिला मिशन समन्वयक श्री विनोद श्रीवास्तव, विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री संजय जायसवाल, बी.आर.सी. कवर्धा श्री जलेश चंद्रवंशी,स्व्रूष्ट प्रशासक श्री सतीश यदु एवं सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री अजय चंद्रवंशी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री आज गरियाबंद प्रवास पर

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल प्रदेशव्यापी भेंट मुलाकात कार्यक्रम में गरियाबंद आयेंगे। वे अपने प्रवास में राजिम विधानसभा अंतर्गत आम जनता से रूबरू होकर शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत की जानकारी लेंगे। प्रोटोकॉल से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 5 दिसम्बर सोमवार को छुरा विकासखण्ड से कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। जानकारी के मुताबिक मुख्यमंत्री 5 दिसम्बर को कुम्हारी से हेलीकॉप्टर द्वारा दोपहर 11.55 बजे हेलीपैड स्थल मिनी स्टेडियम छुरा पहुंचेंगे। तत्पश्चात वे दोपहर 1.35 बजे तक भेंट मुलाकात कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम पश्चात दोपहर 1.40 बजे भेट मुलाकात स्थल से फिंगेश्वर के लिए रवाना होंगे। यहां वे स्थानीय किसान के घर भोजन करेंगे। तत्पश्चात अपरान्ह 4.35 बजे तक भेंट मुलाकात कार्यक्रम फिंगेश्वर में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री बघेल शाम 04.45 बजे कॉलेज ग्राउंड से हेलीकॉप्टर द्वारा राजिम के लिए रवाना होंगे। वे यहां रेस्ट हाउस राजिम में शाम 06 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों, समाज प्रमुखों से भेंट करेंगे एवं राजिम में ही रात्रि विश्राम करेंगे।

21 करोड़ की राशि अदायगी के लिए भटक रहे निवेशक

■ **सहारा इंडिया कार्यकर्ता एवं निवेशक संघ ने संसदीय सचिव का कराया ध्यानाकर्षित**

महासमुन्द/नवप्रदेश। सहारा इंडिया में पैसा जमा करने वाले लोगों को परिपक्वता तिथि पूरा होने के बाद भी राशि का भुगतान नहीं हो सका है। करीब 21 करोड़ रूपए की राशि की अदायगी के लिए निवेशकों को भटकना पड़ रहा है। राशि का भुगतान कराए जाने की मांग को लेकर निवेशक और अभिकर्ताओं ने रविवार को संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर से मुलाकात कर अपनी समस्याएं बताईं। जिस पर विधायक चंद्राकर ने उचित पहल करने का आश्वासन दिया है। रविवार को सहारा इंडिया कार्यकर्ता एवं निवेशक संघ के अध्यक्ष राकेश सोनी, जिला प्रवक्ता पंकज सोनी, उपाध्यक्ष राकेश चंद्राकर, सचिव हलधर बघेल, कोषाध्यक्ष बिंदु आचार्य सहित कार्यकारिणी सदस्य चन्द्रकला चंद्राकर, टेमन चंद्राकर, स्वेता गुप्ता,दीपक शर्मा, चन्द्रकांत चंद्राकर, सरोजनी सेन, कालिंदी मैडम, कुनी बेहरा, देवेन्द्र चंद्राकर, ज्योति चंद्राकर सहित अन्य निवेशक संसदीय सचिव निवास पहुंच कर परिपक्वता राशि की वापसी के लिए ध्यानाकर्षित कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि सहारा इंडिया ने पाँच साल से अधिक समय बीतने व निवेशकों को परिपक्वता तिथि पूर्ण होने के बाद भी राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। निवेशक संघ लगातार वर्ष 2019 से लेकर अब तक चार कलेक्टरों को सत्रह बार अलग-अलग तिथि में 21 करोड़ की अदायगी के लिए एवं सहारा इंडिया के खिलाफ कार्रवाई के लिए ध्यानाकर्षित करा चुके हैं। बावजूद इसके अब तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई है। निवेशकों के भुगतान करने की मांग पर कंपनी केवल बहाना बनाकर भुगतान नहीं कर रही है। साथ ही दूसरी स्कीम में पुनर्निवेश कहकर टालमटोल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कड़ी मेहनत व मजदूरी करके राशि जमा की गई है। परिपक्वता अवधि पूर्ण होने के बाद भी पेमेंट नहीं किया जा रहा है। बीमारी के इलाज व बच्चों की शादी जैसे जरूरी कामों के लिए पैसे की आवश्यकता होने के बाद भी भुगतान नहीं होने से निवेशकगण हताश व परेशान हैं। सहारा इंडिया के उच्चाधिकारियों के ऐसे नकारात्मक रवैये के कारण अभिकर्ताओं के साथ जमाकर्ताओं की वाद-विवाद की स्थिति निर्मित भी हो रही है। उन्होंने इस मामले में उचित पहल करने की मांग की। जिस पर संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए अधिकारियों से जल्द ही चर्चा करने की बात कही।

राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने स्कूलों व छात्रावासों एवं बाल देखरेख संस्थाओं किया निरीक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकारी संरक्षण आयोग के सदस्य सोनल कुमार गुप्ता ने कबीरधाम जिले में संचालित शैक्षणिक स्कूल,छात्रावासों तथा बाल देखरेख संस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने शासकीय हाई स्कूल धमकी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चो से चर्चा कर उनकी बुनियादी सुविधाओ के संबंध मे जानकारी ली। शौचालय स्वच्छ व साफ, खेलकूद का पर्याप्त सामाग्री, लाईट, पंखा शिक्षक सहित आदि विषयों से रूबरू हुए और शाला प्रबंधन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होने स्कूलों को निरीक्षण करते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्कूल, आंगनबाड़ी और आश्रम-छात्रावास सबसे उत्कृष्ट स्थान है। उन्होने कहा कि यह स्थान बच्चों के लिए सभी बेहतर होगा जब सभी संस्थान स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण हो। उन्होने बताया कि निरीक्षण के दौरान स्कूलों में संचालित मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की। उन्होने भोजन की गुणवत्ता जांच करने के लिए दाल और सब्जी के स्वाद भी लिया।

उन्होने स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति और भोजन की मात्रा का भी जांच किया। उन्होने स्कूलों छात्रावासों के शौचालयों का भी निरीक्षण किया, जिसमें काफी गंदगी दिखी। उन्होने कहा कि बच्चों के बौद्धिक विकास और उनके व्यवहार में परिवर्तन लाने के लिए संस्थानां में स्वच्छ वातावरण बहुत जरूरी है। सदस्य श्री गुप्ता द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बम्हनी का निरीक्षण किया गया, प्राचार्य ने बताया कि स्कूल में कुल 415 बच्चे है। कक्षा 11वीं के बच्चों से चर्चा के दौरान सोनल कुमार गुप्ता द्वारा राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट स्वामी आत्मानंद अग्रेंजी माध्यम विद्यालय के बारे मे जानकारी देते हुए बताया गया कि बच्चों के सुनहरा एवं उज्वल भविष्य निर्माण के लिए राज्य सरकार तत्पर एवं प्रयासरत् है। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिरौनी का निरीक्षण किया गया।

आज युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल होंगे सीएम

कुम्हारी/नवप्रदेश। आज कुम्हारी में सोनकर समाज द्वारा आयोजित युवक-युवती परिचय सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे कार्यक्रम छत्तीसगढ़ सोनकर समाज द्वारा कुम्हारी मांगलिक भवन वार्ड क्रमांक 3 में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के साथ दलेश्वर साहू (अध्यक्ष छ. ग राज्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण) कुँवरसिंह निषाद (विधायक गुंडरदेही) संगीता सिन्हा (विधायक बालोद) शारदा प्रसाद सोनकर (अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सोनकर समाज) राजेश खटीक व पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर भी अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में प्रथम दिवस अतिथि सम्मान युवक-युवती परिचय सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान होगा वहीं दूसरे दिन सामाजिक अधिवेशन कार्यकरणी बैठक आहूत की गई है । यह जनकारी कुम्हारी राज अध्यक्ष महेश सोनकर ने दी।

संसदीय सचिव ने किसानों से पैरा दान करने किया का आव्हान

महासमुन्द/नवप्रदेश। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने किसानों से पैरा दान करने का आव्हान किया है। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा पैरादान करने से गायों के लिए चारे की व्यवस्था करने में गौठान प्रबंधन समिति को आसानी होगी। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि सूखा चारा ही पशुओं का मुख्य भोजन होता है। चारे की तलाश में मवेशियों को भटकना न पड़े, इसलिए गौठानों में सूखा चारा की उपलब्धता सुनिश्चित करने किसानों को पैरादान के लिए आगे आने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि खेत में पैरा को जलाने से धरती की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है। किसानों से फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन कर खेतों और पर्यावरण को होने वाले नुकसान से बचाने की अपील करते हुए कहा कि फसल अवशेषों को जलाना नहीं चाहिए। खेतों को जल्दी तैयार करने के लिए किसानों द्वारा अवशेषों को जला दिया जाता है। इससे नुकसानदायक गैस का उत्सर्जन होता है। इससे न केवल पर्यावरण प्रदूषित होता है बल्कि जनजीवन के साथ ही मिट्टी की उर्वरता में कमी आती है। धान के अपशिष्ट से वर्मी कम्पोस्ट एवं खाद बना सकते है। इससे फसल का उत्पादन बढ़ेगा। उन्होंने किसानों से गौठान हेतु पैरा दान करने का आव्हान करते हुए कहा कि इसका बड़ा लाभ यह भी है कि इससे प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी और मवेशियों के लिए उचित मात्रा में चारे की व्यवस्था भी होगी। पराली को जला देना एक अनियंत्रित दहन प्रक्रिया है, जिसके कारण कई प्रकार के ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन, ग्लोबल वार्मिंग, जैव विविधता का हनन, मानव व पशुओं के लिए स्वास्थ्य संबंधी खतरा, कार्बन का नुकसान, भूमि की उर्वरा शक्ति का नाश, भूमिगत सूक्ष्म जीव एवं लाभप्रद जीवों की मृत्यु हो जाती है। भूमि की उपजाऊ क्षमता कम होने के कारण फसलों का उत्पादन भी कम हो जाता है।

छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा जिला के सभी थाना प्रभारी को महिला संबधी अपराधों में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है कि अति0 पुलिस अधीक्षक सचिंद्र चौबे एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा सिद्धार्थ बघेल के दिशा निर्देश और मार्गदर्शन पर निरीक्षक अरूण साहू के नेतृत्व में थाना भाटापारा शहर के अपराध क्रमांक 494/2022 धारा 354 (क), 323, 506 भादवि,25,27 आर्म्स एक्ट के आरोपी गोविंद ध्रुव पिता रविशंकर उम्र 21 साल साकिन सुभाष वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ0ग0 को गिरफ्तार करने में सफ्लता मिली।

ज्ञात हो कि 03 दिसंबर को शाम 06.30 बजें प्रार्थिया गार्डन घुमने अकेली गई थी कि अकेला पाकर सुभाष वार्ड भाटापारा का रहने वाला गोविंद ध्रुव गार्डन के गेट पास प्रार्थिया के बांए हाथ को पकड़कर खिचते हुए तुझसे बहुत प्यार करता हु कहकर शादी करो कहने पर प्रार्थिया द्वारा मना करने पर तब गोविंद ध्रुव शादी नहीं करोगे तो मै मर जाऊंगा कहकर हाथ में रखे बटन वाला चाकू को दिखा कर प्रार्थिया को हाथ थप्पड़ से गाल में मारकर जान से मारने की धमकी देते नगर पालिका भवन के पास ले गया और छेड़छाड़ करने लगा कि प्रार्थिया की लिखित रिपोर्ट पर अपराध 494/2022 धारा 354(क), 323, 506 भादवि, 25,27 आर्म्स एक्ट का अपराध घटित होना पाये जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी गोविंद ध्रुव पिता रविशंकर उम्र 21 साल साकिन सुभाष वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ0ग0 से घटना में प्रयुक्त एक बटनदार चाकू को बरामदगी पंचनामा तैयार कर मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया जाकर आरोपी को आज दिनांक 04 दिसंबर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया । उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी अरूण साहू के निर्देशन में सउनि सी0आर0साहू, प्रधान आरक्षक जेठू मनहरे आरक्षक दुर्गेश स्वर्णकार ,लक्ष्मी मनहर,आशीष लहरे का विशेष योगदान रहा।

अधिवक्ता संघ का पांचवा राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश की न्यायधानी स्थित सेंदरी रिसोर्ट में डॉ अम्बेडकर अधिवक्ता संघ (भारत) का पांचवा राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न हुआ। जिसमें संघ से जुड़े देशभर के हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ताओं ने शिरकत की। अधिवेशन में स्थानीय कोर्ट के अधिवक्ताओ ने भी हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में वक्ता के रूप में एड श्रीमति कात्यायनी देवी भी उपस्थित रही। उन्होंने अधिवक्ताओं के साथ हो रहें हमलें को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि न्याय पालिका में कोलिज्यम सिस्टम को खत्म कर सबको प्रतिनिधित्व के आधार पर अवसर मिलना चाहिए। ताकि न्याय व्यवस्था बनी रही और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाया जा सकें। कार्यक्रम में संघ से जुड़े और समाज की आगामी न्याय पालिका, सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर डॉ अम्बेडकर संघ के राष्ट्रीय संयोजक एड बीएम सिंह(सुप्रीम कोर्ट), पूर्व न्यायाधिपति जस्टिस प्रभाकर ग्वाल, लवकेश वर्मा (इलाहाबाद हाईकोर्ट), शत्रुघ्न सिंह साहू (बिलासपुर हाई कोर्ट) आदि मौजूद रहें। वही क्षेत्र से अधिवक्ताओं में एस कुरेशी, लवकुश साहू, लाकेश वर्मा, प्रेमिन साहू, विशालदास, आर एस वर्मा, डी आर बघेल, हेमंत कुमार, खूबचंद वर्मा ने भी उपस्थित रहे।

नीट यूजी व आईआईटी की कोचिंग के लिए हर 15 दिन में होंगे निशुल्क मॉक टेस्ट

■ **आईआईटी जोन इंस्टीट्यूट द्वारा कराया जाएगा मॉक टेस्ट**

■ **कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने दिए निर्देश**

दुर्ग/नवप्रदेश। प्रयास आवासीय विद्यालय के प्रतियोगी छात्र छात्रा अधिकतम संख्या में नीट यूजी एवं आईआईटी जैसी प्रवेश परीक्षाओं में चयनित हो सके इसके लिए जिला प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की है। कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मॉक टेस्ट आयोजित कराने के निर्देश दिए हैं। यह मॉक टेस्ट हर 15 दिन में आयोजित किए जाएंगे। मॉक टेस्ट का आयोजन आईआईटी जोन संस्था द्वारा किया जाएगा।

इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए दुर्ग आयुक्त श्री लक्ष्मण तिवारी ने बताया कि प्रयास आवासीय विद्यालय से अधिकतम संख्या में विद्यार्थी प्रवेश परीक्षा में चयनित हो सके। इसके लिए कोचिंग के साथ ही मॉक टेस्ट की व्यवस्था भी की गई है। मॉक टेस्ट के माध्यम से प्रतियोगियों को परीक्षा में आने वाले प्रश्नों की प्रकृति के संबंध में अधिक जानकारी होती है तथा इससे उन्हें तैयारी करने के लिए विशेष दिशा प्राप्त हो जाती है। मॉक टेस्ट के माध्यम से वे अपनी गलतियों को सुधार सकते हैं। हर 15 दिन में आयोजित होने वाले टेस्ट के माध्यम से प्रतियोगी छात्र छात्रा अपनी तैयारी की दिशा का आकलन कर सकते हैं तथा इससे वे रणनीति बेहतर कर सकते हैं।

3950 युवाओं ने अग्निवीर बनने दिखाया अपना कौशल

दुर्ग/नवप्रदेश। सेना भर्ती रैली में युवाओं का अपूर्व उत्साह दुर्ग जिले में दिख रहा है। सेना भर्ती स्थल के पास बड़ी संख्या में युवा अपना कौशल दिखाने पहुंच रहे हैं। सेना भर्ती में आज 6150 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था इसमें 3950 युवा भर्ती रैली में भाग लेने पहुंचे। उल्लेखनीय है कि इन युवाओं के रूकने और भोजन की व्यवस्था प्रशासन द्वारा कराई गई है और सारी व्यवस्थाओं की निरंतर मानिटरिंग कराई जा रही है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उपसंचालक जनशक्ति नियोजन श्री राजकुमार कुर्रे ने बताया कि कंट्रोल रूम के माध्यम से युवाओं की सभी जिज्ञासाओं का समाधान किया जा रहा है। नोडल अधिकारी लगातार स्थिति की मानिटरिंग में लगे हुए हैं। जहां भी किसी तरह की दिक्कत होती है समाधान के लिए तुरंत निर्देशित किया जाता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा नियमित रूप से सेना भर्ती स्थल में पहुंच कर सुविधाओं का जायजा ले रहे हैं और नोडल अधिकारियों से लगातार व्यवस्था की जानकारी ले रहे हैं। 1 दिसंबर से 8 दिसंबर तक होने वाली भर्ती का विवरण इस तरह है। 5 दिसंबर को बीजापुर, दंतेवाड़ा, नारायणपुर, सुकमा, गरियाबंद, कबीरधाम, कोरबा, जशपुर, राजनांदगांव, 6 दिसंबर को धमतरी, जीपीएम जिला हिस्सा लेंगे।

प्रथम पेज का शेष

भानुप्रतापपुर विस उपचुनाव...

सुरक्षाबल के जवानों को बड़ी संख्या में तैनात किया गया है। भानुप्रतापपुर विधानसभा में 1 लाख 95 हजार 822 मतदाता हैं, जिसमें 95 हजार 266 पुरुष मतदाता और 1 लाख 555 महिला मतदाता और 1 तृतीय मतदाता है। भानुप्रतापपुर उपचुनाव के लिए रविवार को पोलिंग पार्टियों को कड़ी सुरक्षा के बीच भानुप्रतापदेव कॉलेज से दोपहर में रवाना कर दिया गया। 256 पोलिंग पार्टियों को बूथों तक पहुंचाने के लिए 50 बसों को लगाया गया था। 10 छोटे वाहनों में 34 अतिरिक्त पोलिंग पार्टियों को तैनात किया है।

न्यायालय तहसीलदार बालोद जिला बालोद (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 571/ब-121/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती रेखा सेवलानी पति श्री मोहनलाल सेवलानी जाति सिंधी निवासी वार्ड क्र. 16, सिंधी कालोनी बालोद तहसील व जिला बालोद द्वारा बालोद प.ह.नं. 6 स्थित आबादी भूमि ख.नं. 682/4 का टु. रकबा 2156.75 वर्गफीट भूमि पर वर्ष 1993 से निवासरत है। जिसके समर्थन में विक्रय की छायाप्रति, खसरा, नक्शा, बिजली बिल एवं जलकर की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है। आवेदिका द्वारा उक्त आबादी भूमि का शासन के निर्देशानुसार व्यवस्थापन कर भूमिस्वामी हक प्रदान किए जाने का निवेदन किया है। इस संबंध में यदि किसी को कोई उजर/आपत्ति हो तो दिनांक 12/12/2022 के पूर्व तक पेश कर सकते हैं। नियत तिथि उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अस्तु आज दिनांक 25.11.2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
बालोद

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 457/2022-23

वार्ड का नाम- शहीद भगत सिंह-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शहीद भगत सिंह-21 स्थित मकान/ भूमि ईडब्ल्यूएस-184 स्लाईस-1 जो कि निगम अभिलेख में श्री परमिंदर सिंह गिल s/o हाकम सिंह गिल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री रमेश चन्द्र मिश्रा पिता चतुर्भुज मिश्रा ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 456/2022-23

वार्ड का नाम- शहीद भगत सिंह-21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि शहीद भगत सिंह-21 स्थित मकान/ भूमि ईडब्ल्यूएस-185 जो कि निगम अभिलेख में श्री परमिंदर सिंह गिल s/o हाकम सिंह गिल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री रमेश चन्द्र मिश्रा पिता चतुर्भुज मिश्रा ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

नाम परिवर्तन

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं प्रियंका (PRIYANKA) आत्मजा गणेश (GANESH) उम्र 19 वर्ष, निवासी- शास्त्रीनगर, वार्ड नंबर-18, केम्प-1 सुपेला मिलाई, थाना-सुपेला, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) की हूं। मेरा जन्म तिथि 14.07.2004 है। मैं पूर्व में मेरे आधार कार्ड, बैंक पासबुक में भूलवश उल्लेखित घरेलू नाम विनिता (VINITA) आत्मजा गणेश (GANESH) के स्थान पर मेरे जन्म प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में उल्लेखित नाम प्रियंका (PRIYANKA) आत्मजा गणेश (GANESH) को रख ली हूं तथा अब मैं अपने परिवर्तित नाम से जानी, पहचानी एवं पुकारी जाती हूं ।

अतः मेरे आधार कार्ड, बैंक पासबुक में भूलवश उल्लेखित घरेलू नाम विनिता (VINITA) आत्मजा गणेश (GANESH) के स्थान पर मेरे जन्म प्रमाण पत्र एवं समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों में उल्लेखित नाम प्रियंका (PRIYANKA) आत्मजा गणेश (GANESH) आगे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं अन्य अभिलेखों/ दस्तावेजों में अपना संपूर्ण अभिलेखों में परिवर्तित/संशोधित नाम लिखना चाहती हूं।

आवेदिका
(प्रियंका)
आत्मजा गणेश
निवासी-शास्त्रीनगर, वार्ड नंबर-18, केम्प -1
सुपेला भिलाई, थाना-सुपेला, तहसील व
जिला-दुर्ग (छ.ग.)
मोबाईल नंबर- 9300529554

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

खाते में आया सरकारी पैसा, खर्च कर दिए 25 लाख रुपए, अब हवालात पहुंचा युवक

■ पशु चिकित्सा विभाग के गलती से युवक के खाते में पहुंचा पैसा

कवर्धा/नवप्रदेश। कवर्धा मे दिनांक 28.11.2022 को प्रार्थी मनोज राठिया सहायक ग्रेड-2 उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें कवर्धा, जिला कबीरधाम द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत ग्राम झलमला तथा मरका में पशु औषधालय भवन के निर्माण हेतु राशि 12.70 लाख एवं 12.70 लाख कुल रकम 25.40 लाख रूपये को कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग कवर्धा के बैंक खाता में 932020110000160 में स्थानांतरण किये जाने की स्वीकृति प्रदान किये जाने से स्वीकृत राशि को लोक निर्माण विभाग के बैंक खाता में स्थानांतरण माह जून में किया गया। तद्पश्चात् माह सितम्बर में लोक निर्माण विभाग द्वारा उक्त राशि विभाग के बैंक खाता में प्राप्त नहीं होने के संबंध मे पत्राचार उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें कवर्धा, जिला कबीरधाम में प्राप्त होने पर बैंक से उक्त के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया। जिसमें खाता क्रमांक 931010110000160 धारक रोहित सिंह पिता नागराज सिंह मकान नंबर 139 दादर रोड चरोदा दुर्ग में खाते में दिनांक 23.06.2022 को राशि अंतरित होना अवगत कराये जाने पर बैंक द्वारा दिये गये खाता धारक के मोबाईल नंबर से संपर्क स्थापित करने पर गोलमोल जवाब दिया गया तथा खाता धारक द्वारा राशि वापस करने का इच्छुक नहीं होने पर खाता धारक रोहित सिंह पिता नागराज सिंह के विरूद्ध थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 892/2022 धारा 420 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति मनीषा ठाकुर रावटे के द्वारा उप पुलिस अधीक्षक संजय ध्रुव के निदेशन में थाना प्रभारी कवर्धा को तत्काल टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी कर गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया।

विवेचना के दौरान खाता क्रमांक 931010110000160 के धारक रोहित सिंह पिता नागराज सिंह मकान नंबर 139 दादर रोड चरोदा दुर्ग को तलब कर पुछताछ करने पर इसके बैंक ऑफइण्डिया में इसके नाम से जनधन योजना अंतर्गत खाता क्रमांक 931010110000160 संचालित है। आरोपी रोहित सिंह पिता नागराज सिंह निवासी बाम्बे आवास 139 दादर रोड चरौदा, थाना चरौदा जिला दुर्ग के पेश करने पर बैंक ऑफ इण्डिया का पासबुक, बीमा पॉलिसी का बॉण्ड पेपर, जेवर एवं मोबाईल फोन एवं रसीद एवं नगदी रकम 10,700 रूपये को जप्त किया जाकर आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कवर्धा निरीक्षक एम.बी. पटेल एवं सहायक उप निरीक्षक चन्द्रभूषण सिंह, प्रधान आरक्षक वसीम अली एवं थाना स्टॉफका सराहनीय योगदान रहा।

संकुल समन्वयक ने स्कूलों का किया अवलोकन

पाटन/नवप्रदेश। संकुल स्त्रोत केंद्र परसदा (कुम्हारी) के संकुल शैक्षिक समन्वयक ललित कुमार बिजौरा द्वारा आज दिनांक 3 दिसम्बर दिन शनिवार को शासकीय प्राथमिक एवम उच्च प्राथमिक शाला परसदा का अवलोकन किया गया । सर्वप्रथम शासकीय प्राथमिक शाला परसदा का अवलोकन किया गया , अवलोकन के दौरान दर्ज 152 छात्र--छात्राओं में से 129 छात्र--छात्राएं उपस्थित रहे , कार्यरत 2 शिक्षक शालेय कार्य में उपस्थित रहे । बस्तारहित दिवस में बच्चों को योगाभ्यास , स्थानीय खेलकूद -- कबड्डी , दौड़ , फुगड़ी का अभ्यास कराया गया । संकुल शैक्षिक समन्वयक ललित कुमार बिजौरा द्वारा छात्र--छात्राओं का ग्रुप बनाकर मौखिक एवम स्पीड गणित एवम छत्तीसगढ़ के सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी किया गया। छात्र--छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्नों के जवाब दिये। उन्होंने उपचारात्मक शिक्षण नियमित रूप से बच्चों को देने एवम निर्धारित दक्षता हासिल करने नवाचारी गतिविधियों के माध्यम से आवश्यक पहल हेतु शिक्षकों को प्रेरित किया। शासकीय उच्च प्राथमिक शाला परसदा में दर्ज संख्या 116 एवम उपस्थिति 89 तथा पदस्थ शिक्षक 7 एवम उपस्थित 6 शिक्षक रहे।

शहर के चार स्थानों पर शहरवासियों को मिलेगी स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा

संसदीय सचिव के प्रयास से मिली एक करोड़ 48 लाख रूपए की स्वीकृति

महासमुंद/नवप्रदेश। महासमुंद शहर के लोगों को नए शहरी स्वास्थ्य केंद्र की सुविधा मिलने वाली है। महासमुंद शहर में चार स्थानों पर अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निर्माण कराया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की प्रयास से अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर निर्माण के लिए एक करोड़ 48 लाख रूपए की स्वीकृति मिली है। संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने जानकारी देते हुए बताया कि महासमुंद शहर के मौहारीभाठा, श्रीराम कॉलोनी कुम्हारपारा, पिटियाझर व गुडरूपारा में अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निर्माण होगा। प्रत्येक अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के लिए 37-37 लाख रूपए की स्वीकृति मिली है। उक्त राशि में से 25 लाख रूपए की राशि इंफ्रास्ट्रक्चर व 12 लाख रूपए की राशि दवाईयों में खर्च की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस सेंटर में गरीब और निचली बस्ती के लोगों को मोहल्ले में ही स्वास्थ्य सुविधाएं और दवाइयां मुहैया कराई जाएगी।

इस संबंध में संसदीय सचिव व विधायक श्री चंद्राकर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एसआर बंजारे से आवश्यक जानकारी ली। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि 15वें वित्त आयोग से मंजूरी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अर्बन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर शुरू करने की कवायद शुरू कर दी है। शहरवासियों को नए शहरी स्वास्थ्य केंद्र की सौगात दिलाने पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर का नगरपालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर, पार्षद अमन चंद्राकर, बबलू हरपाल, अनिता विजय साव, निखिलकांत साहू, राजेश नेताम, प्रीति बादल मक्कड़, उर्मिला साहू, पवन पटेल, सरला गोलू मदनकार, रिंकू चंद्राकर, जगत महानंद, कुमारी देवार, राजू चंद्राकर, डमरूधर मांझी, शोभा यादव, कमला बरिहा, सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, गुरमीत चावला, योजना सिंग, अनवर हुसैन आदि ने आभार जताया है।

फिजियोथेरेपी भवन की मिली सौगत

जिला अस्पताल सह मेडिकल कालेज में 25 लाख रुपए की लागत से फिजियोथेरेपी भवन का निर्माण कराया जाएगा। इसके लिए नागरिकों की मांग पर संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने प्रदेश सरकार का ध्यानाकर्षित कराया। बाद इसके फिजियोथेरेपी भवन निर्माण के लिए 25 लाख की स्वीकृति मिली है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतई में हुआ 7 पुरुष हितग्राहियों की नसबंदी

दुर्ग/नवप्रदेश। कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवम् स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ जे पी मेश्राम के आदेशानुसार, डी एच ओ डॉ एस के मेश्राम एवम् डॉ देवेन्द्र किशोर बेलचंदन खंड चिकित्सा अधिकारी निकुम के निर्देशानुसार तथा डॉ पी एल भगत प्रभारी चिकित्सा अधिकारी उतई, वी एस रामटेके खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन में 3 दिसंबर दिन शनिवार को सीएचसी उतई में 7 पुरुष हितग्राहियों का एन एस वी टी आपरेशन सर्जन डॉ ए के सान्याल द्वारा किया गया। सहयोगी डॉ एन एल बंजारे, डॉ अंशुमन साहू, आरएमए जयश्री नागरे, लैब टेक्नीशियन ऋतु उईके, विप्लव हलधर, वर्षा साक्या, नर्सिंग सिस्टर सुश्री मीता दास, जीतेश्वरी, कविता चंद्राकर, ऋतु साहू, प्रेरणा चंद्रवंशी, झरना, गजेन्द्र गंधर्व , आदित्य पटेल, लाभु राम साहू, दिनेश पाटिल, मनीष देशलहरा, चित्रसेन चंद्राकर, अरूण कोसरे हृद्धश, संदीप ठाकुर ओटी अटेंडेंट एवम् समस्त स्टाफका योगदान रहा।

युवती को जान से मारने की धमकी देकर दुष्कर्म, आरोपी को कारावास

रामानुजगंज/नवप्रदेश। बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम जावर के युवक के द्वारा युवती से जान से मारने की धमकी देते हुए अपहरण कर रहर के खेत में बलात्कार करने और वीडियो बनाने के आरोप में युवक के विरुद्ध धारा 366 376 506 आईटी एक्ट की धारा 67 क के तहत मामला पंजीबद्ध कर युवक को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया गया था वहीं मामले की सुनवाई प्रथम एवं जिला सत्र न्यायाधीश प्रफुल्ल सोनवानी के द्वारा की गई वही मामले में शासन की ओर से पक्ष अतिरिक्त लोक अभियोजक ध्रुव प्रसाद गुप्ता ने रखा। मामले में सुनवाई करते प्रथम अपर एवं जिला सत्र न्यायाधीश के द्वारा युवक को धारा 366 376 एवं 506 के अपराध में पीड़िता के सहमति के आधार पर दोषमुक्त किया गया हुए धारा 67 क के तहत आरोपी निर्णय दिनांक तक 2 वर्ष 8 माह 29 दिन अवधि जेल निरुध्द था उक्त अवधि से आरोपी को दंडित किया गया 25,000 अर्थदंड से दंडित किया गया।

न्यायालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत जावर गांव के संदीप उर्फ लाल साय उम्र 34 वर्ष के द्वारा गांव की ही युवती को जंगल में लकड़ी काटने के जाने के दौरान अपहरण करके रहर के खेत में ले जाकर जान से मारने की धमकी देते हुए बलात्कार किया गया था वही घटना का वीडियो भी बनाया गया था जिसे बाद में उसके देवरानी के व्हाट्सएप पर डाला गया जिसके बाद परिजनों के द्वारा युवती के साथ बलरामपुर थाना पहुंचकर धारा 366 376 एवं 506 आईटी एक्ट की धारा 67 क के तहत अपराध पंजीबद्ध कराया गया था मामले की सुनवाई प्रथम जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रफुल्ल कुमार सोनवानी के द्वारा की गई वहीं शासन की ओर से पक्ष ध्रुव प्रसाद गुप्ता के द्वारा रखा गया। पीड़िता,पुलिस, के बयान व आईटी एक्ट की धारा को प्रमाणित करने के लिए साइबर साइबर लैब के उप निरीक्षक का बयान भी लिया गया वही अन्य लोगों का भी बयान लिया गया था मामले में पाया गया कि आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ बलात्कार करते हुए वीडियो जो बनाया गया था वह पीड़िता के देवरानी के मोबाइल फोन पर व्हाट्सएप किया गया था जिससे आईटी एक्ट की धारा 67 क प्रमाणित होने पर न्यायालय के द्वारा सजा सुनाई गई। फैसले में न्यायालय के द्वारा लिखा गया कि पीड़िता को वीडियो वायरल करने से लज्जा एवं अपमान का सामना करना पड़ा होगा इसलिये आरोपी के द्वारा अर्थदंड की राशि जमा करने के उपरांत अर्थदंड की राशि में से ?20000 अपील अवधि के पश्चात क्षतिपूर्ति स्वरूप प्रदान करने का आदेश पारित किया गया।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी के तहत मजदूर हो रहे लाभांवित

भटगाव/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत चारपाली मैं महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी के तहत विभिन्न प्रकार के कार्य प्रारंभ हुए। जिससे रोजगार रोजगार पा करके ग्रामीण क्षेत्र के लोग आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे हैं ग्राम पंचायत चारपाली तथा आश्रित ग्रामों में जुनवानी डबरी निर्माण तथा भूमि सुधार जैसे कार्य महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत चल रहा है जहां चार पाली ग्राम में भूमि सुधार कार्य 28/11/ 2022 से 3/12 /2022 तक जिसमें 19 लोग कार्य कर रहे थे इसी प्रकार जुनवानी तलाब निर्माण का कार्य चल रहा है था जिसमें तुलाराम बारिया ने बताया 12 लोग कार्य कर रहे हैं इस प्रकार ग्रामीण क्षेत्र के लोग शासन की योजना का लाभ उठा रहे हैं।

जिपं सीईओ ने गौठानों का किया निरीक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने आज कवर्धा जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिंघनपुरी, बरबसपुर और दौजरी में संचालित गौठान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिला स्व-सहायता समूहों के लिए अजीविका के अन्य गतिविधियां संचालित करने के लिए जनपद सीईओं को निर्देशित किया। उन्होंने ग्राम पंचायत सिंघनपुरी के आंगनबाड़ी केन्द्र-02 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र-02 में भोजन की गुणवत्ता की जांच की। गुणवत्ता जांच के दौरान राहर दाल और चनादाल खराब पाया गया। साथ ही पेयजल पंप खराब मिले। इसके लिए उन्होनें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्राम पंचायत सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी किया।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे द्वारा स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, आश्रम एवं छात्रावास में संचालित माध्यान्ह भोजन तथा मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के गुणवत्ता पर विशेष मॉनिटरिंग की जा रही है। माध्यान्ह भोजन और मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान सहित टीकाकरण अभियान की जांच करने के लिए जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

जिला पंचायत सीईओ श्री अग्रवाल ने आज बसबसपुर गौठान का निरीक्षण करते हुए वहां उत्पादित वर्मी कम्पोस्ट की मात्रा की जानकारी ली। साथ ही नेवारी समिति प्रबंधक द्वारा जैविक खाद वर्मी पर्ची नहीं बांटने पर सीसीबी नोडल अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही वहां के किसानों को गौधन सेवा के लिए पैरादान करने के लिए आग्रह किया। जिला पंचायत सीईओं ने दौजरी गौठान निरीक्षण के दौरान सेग्रीगेशन शेड एवं आंगनबाडी निर्माण बंद मिलने पर सचिव को कारण बताव नोटिस जारी करने और दो दिवस में कार्य प्रारंभ कराने निर्देशित किया। उन्होंने गौठान परिसर में पौधारोपण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कवर्धा जनपद सीईओ श्री केशव वर्मा, जनपद स्तर के अधिकारी उपस्थित थे।

आरक्षण कटौती के विरोध में जोगी कांग्रेसियों ने जलाया आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 की प्रतिया

कवर्धा/नवप्रदेश। अनुसूचित जाति का 3 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों का 6 प्रतिशत आरक्षण कटौती के विरोध में जोगी कांग्रेस ने सिग्नल चौक कवर्धा मे विरोध प्रदर्शन करते हुए आरक्षण संशोधन विधेयक 2022 की प्रतिया जलायी । जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश बघेल की सरकार छत्तीसगढ़ियों को ठग रही है,अनुसूचित जाति का 3 प्रतिशत और आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्गों का 6 प्रतिशत आरक्षण काटा गया है, यह काला कानून है ।

जिलाध्यक्ष सुनील केशरवानी ने कहा कि भूपेश सरकार के पास दलित और ग़रीबों के उत्थान लिए कोई ठोस योजना नहीं बल्कि इन वर्गों को मिले अधिकारों को भी सरकार छिनने का काम कर रही है, इनके संवैधानिक अधिकारों का भी हनन कर रही है।अजित जोगी छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष रवि चंद्रवंशी ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के द्वारा आरक्षण के संदर्भ में विशेष सत्र बुलाकर अनुसूचित जाति का आरक्षण 3 प्रतिशत और आर्थिक रूप कमजोर वर्गों का 6 प्रतिशत कर इन वर्गों के साथ अन्याय किया है । जिसका जोगी कांग्रेसी पुरज़ोर विरोध करती है।

इस दौरान जोगी कांग्रेस के दलीचंद ओग्रे ,बिहारी पटेल ,गणेश पात्रे , टिंकू जैन, रंजित वर्मा, मुकेश चंद्राकर, हीरो जांगड़े ,लिखन साहू ,जलेश्वर खूंटे ,मिलाउ नेताम ,विजय श्रीवास , राहुल चंद्रवंशी ,गजेंद्र कश्यप ,राकेश भट्ट ,अमित लहरे ,हेमचंद वारते, रामदास पटेल ,नारायण साहू ,कृष्णा साहू ,दीपक बंजारे ,हरीश कुर्रे ,सहित जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद थे ।

आरक्षण विधेयक विस में पारित होने पर कांग्रेस ने जताया आभार

खैरागढ़/नवप्रदेश। ओबीसी महासभा ने केसीजी जिला मुख्यालय खैरागढ़ में कार्यक्रम आभार कार्यक्रम आयोजित करके मुख्यमंत्री भूपेश को धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में संभाग अध्यक्ष विप्लव साहू, जिला संरक्षक एस एल बंछोर, महासचिव एडवोकेट एस आर वर्मा, उपाध्यक्ष नीलेश यादव, भुनेश्वर वर्मा, संत निषाद, मधुसूदन साहू, खोमलाल धुर्वे, रेखदास हिरवानी, उत्तम बागड़े, कोमल वर्मा, गोलू दास साहू, अनूप देवांगन, सुरेश साहू मौजूद रहे। आयोजित कार्यक्रम में विप्लव साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद और छत्तीसगढ़ की जनता को बधाई। छत्तीसगढ़ विधानसभा में पारित प्रस्ताव राज्य के अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग अनुसूचित जाति के लिए यह आरक्षण, सामाजिक न्याय की दिशा में शुरुवात है तथा आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग के भाइयों को बधाई। ओबीसी महासभा के छुईखदान ब्लॉक अध्यक्ष नंदबाबा वर्मा, गंडई प्रभारी अशोक पाल, बीरेंद्र निर्मलकर, भोला साहू, भुवन साहू, उपेंद्र रजक, खेमराज रजक, डॉ सुरेश यादव आदि साथियों ने ओबीसी और सभी समाज को शुभकामनाएं दी है।

विश्व का प्रत्येक जीव दुःखी है : गोपेश्वरी

भिलाई/नवप्रदेश। भिलाई के राधिका नगर में आयोजित प्रवचन के प्रथम दिन गोपेश्वरी देवी ने कहा कि इस कलिकाल में आज विश्व का प्रत्येक जीव दुखी है अशांत हैं तीन ताप दैहिक दैविक भौतिक ताप से ग्रसित है। काम क्रोध लोभ मोह आदि विकारों से पीड़ित है और इन दुखो से छुटकारा पाने के लिए अनेकों उपाय करते है। लेकिन सुख के स्थान पर दुख ही मिलता है।

सामूहिक विवाह एवं कर्मा महोत्सव 12 को

पाटन/नवप्रदेश। तहसील साहू समाज पाटन द्वारा आगामी वर्ष सामूहिक आदर्श विवाह और कर्मा महोत्सव इस बार दक्षिण पाटन के ग्राम गातापार में होगा। साहू सदन पाटन में आयोजित तहसील कार्यकारिणी की बैठक हुई। इसमें यह निर्णय पारित किया गया है।इसके अलावा तहसील कार्यालय में निर्मित भक्त माता कर्मा कृष्ण मंदिर की निर्णय प्रस्तावित किया गया। धर्ममान्तरन आय व्यय की जानकारी, बीते वर्ष के किये गए परिवार की सूची बनाकर कर्मा महोत्सव तेली गुंडरा के आयोजन पर तहसील साहू संघ कार्यालय में जमा करने आय व्यय की जानकारी सहित मृत्युभोज के लिए परिक्षेत्रीय साहू संघ एवं स्थानीय में कलेवा रहित सादा भोजन कराएं जाने साहू समाज को निर्देश दिया गया।तथा आमसभा पश्चात समाज से जुड़े हुए वहीं 12 जनवरी को तहसील स्तरीय सदस्य द्वारा मृत्युभोज में किसी भी प्रकार युवा सम्मेलन की व्यापक तैयारी में जुटने से कलेवा खिलाते पाए जाने पर आर्थिक का भी निर्णय लिया गया। बताया गया कि सहयोग राशि लेने का प्रावधान या समाज वर्तमान समय मे जो घटनाएं देश, प्रदेश, की मुख्यधारा से पृथक किये जाने का नगर, गांव में घट रही घटना जिसे लव निर्णय तहसील स्तर पर किये जाने का जिहाद के नाम से जाना जा रहा है। ऐसे राजनीति के लिए, किन्तु लगातार दिशा निर्देश के बावजूद समाज में राजनीति हावी होते जा रहा है, जो कि चिन्तनीय विषय है। इस पर अंकुश लगना चाहिए। घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए समाज व परिवार में जागरूकता लाने के लिए बैठक, आम सभा, कर्मा जयंती के अवसर पर सार गर्भित संदेश दिए जाने का निर्णय लिया गया।

सोनी डब्लू एच -1000 अक्स एम 5 सर्वश्रेष्ठ नॉइज़ कैंसिलिंग हेडफोन में में से एक

सोनी डब्लू एच-1000 अक्स एम 5, लोकप्रिय और सबसे ज़्यादा बिकने वाले डब्लू एच-1000 अक्स.एम 4 का परवर्ती है, जिसे हाल ही में भारत में लॉन्च किया गया। सोनी के नए वायरलेस हेडफ़ोन एक नया डिज़ाइन और उद्योग में अग्रणी नॉइज़ कैंसिलिंग अनुभव लाते हैं। डब्लू एच-1000 5 के साथ सबसे बड़ा बदलाव एक पूर्ण रीडिज़ाइन के रूप में आता है और पिछली 1000अक्स.सीरीज़ से अलग दिखता है। डब्लू एच-1000 एक्स एम 5 का हेडबैंड अपने पूर्ववर्ती की तुलना में पतला है और अब एक ही धातु है जो दोनों तरफईयर कप को पकड़े हुए है। यह नया स्वरूप डब्लू एच-1000अक्स एम 5 को पहनने में अधिक आरामदायक बनाता है लेकिन अक्स एम4 एस.द्वारा पेश की जाने वाली गतिशीलता को प्रभावित करता है

दिव्यांगजनों के चेहरे में झलकी खुशियां, कहा घर से दूर भी एक अपना घर है

टीवी में सतसंग और प्रवचन सुनकर अपने परिवारजनों की खुशियों के लिए भगवान से करते हैं कामना

कवर्धा/नवप्रदेश। वृद्ध दिव्यांगजनों के चेहरे में आज उस समय गुलाबी खुशियां देखने को मिली, जब उन्हे प्रेम के प्रतिक गुलाब के पुष्प और ठंड से बचने के लिए शॉल भेंट किया गया। मौका था अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस का। आयोजन हुआ कलेक्टोरेट परिसर में। कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने आज सुबह जिले के 5 दिव्यांगजों को शॉल और गुलाब के पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। दिव्यांगजों को उनके दिव्यांगता के आधार पर सहायक उपकरण जैसे व्हील चेयर, ईयर मशीन, सहित अन्य उपकरण भी भेंट किया गया।

कलेक्टर श्री महोबे ने सभी दिव्यांगजनों का हाल-चाल भी जाना उन्हे वार्तालाप करने के लिए पूरा समय भी दिए। कलेक्टर ने पूरे एक घंटे दिव्यांजनों के बीच अपना समय गुजारे। दिव्यांगजनों ने कलेक्टर की सादगी और विनम्र व्यवहार से बेहद प्रभावित भी हुए। कलेक्टर ने पुछा की वृद्धाआश्रम में कोई परेशानी तो नहीं हो रही है, समय पर खाना, चाय और नाश्ता तो बराबर मिल रहे है ना। समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण भी हो रहा है की नही। कलेक्टर की इन बातों को सुन कर दिव्यांग वृद्ध बहन कलावती देवांगन की चेहरे में गुलाबी खुशी भी झलकी और उनके आंखी भी नम हो गई। कलावती ने बताया कि इस आश्रम में वह पिछ्ले नौ साल से रह रही है। उन्हे कभी भी ऐसा अहसास नहीं हुआ की वह किसी वृद्ध आश्रम में अपनो से दूर रह रही है।

कलावती बताते है कि आश्रम का वातावरण एक घर जैसा ही है। चुकि वह इस आश्रम में रहने वाली सबसे वरिष्ठ और पुरानी है इस लिहाज से उनका अन्य सदस्य भी पुरा सम्मान करते और एक परिवार की तरह सब यहां रहते है। कलेक्टोरेरट परिसर पर में वृद्ध दिव्यांगजन टंकराम, बासुदेव,कलीबाई, और मंशाराम मोगरे को सम्मान किया गया। वृद्ध दिव्यांग मंशाराम ने बताया कि घर से दूर एक अपना घर है वृद्धाआश्रम। इस आश्रम में वह काफी लम्बे समय से रह रहे है। उनका कहना है एक परिवार में जिस तरह सभी सदस्य आपसी प्रेम और अपनत्व की भाव से रहते है ठीक उसी प्रकार यहां सब हसी-खुशी से अपना जीवन आनंदमय व्यतीत कर रहे है। दिव्यांगजनों ने इस सम्मान के लिए आशीर्वाद देते हुए बताया कि आश्रम में खाना, चाय, नाश्ता सही समय पर मिल जाता है। मनोरंजन के लिए टीवी की भी व्यवस्था है। कभी-कभी मंडली भी आकर भजन किर्तन सुनाते है। टीवी में सतसंग और प्रवचन सुनकर अपने परिवारजनों की खुशियों के लिए भगवान से प्रार्थना भी करते है।

विकासखण्ड स्तर पर शीघ्र होगा दिव्यांग शिविर का आयोजन

कलेक्टर श्री जनमेजय महोबे ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर कहा कि जिले के सभी विकासखण्ड पंडरिया, कवर्धा, बोडला, और सहसपुर लोहारा में शीघ्र ही दिव्यांगजनों के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने विकासखण्ड स्तरीय शिविर के लिए समाज कल्याण विभाग के अधिकारी और सीएमएचओ को शिविर की तैयारी के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

नगर विकास के पहियों पर लगा ब्रेक, ठेकेदारी व दुकानदारी चला रहे नपा के अफसर!

■ शहर के हर वार्डो में समस्याओं का लगा अंबार, वार्डवासियों में पनप रहा आक्रोश

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के नगर पालिका में विकास कार्यों का हाल बेहाल है। हालत यह है कि नगर पालिका के पदाधिकारी यहां के कार्यों में अपनी दुकानदारी और ठेकेदारी चला रहे हैं। यहां जितने भी विकास कार्य चल रहे हैं, उन कार्यों में शासकीय बोर्ड का अता पता नहीं है। लोगों को ही जानकारी नहीं लग पा रही है कि विकास कार्यों के लिए शासन से कितनी राशि मिली है और इसके ठेकेदार कौन है। अस्त-व्यस्त विकास कार्यों के चलते यहां के आम नागरिकों में जबरदस्त नाराजगी व्याप्त है। चूंकि राज्य में कांग्रेस की सरकार है और यहां के नगर पालिका में भाजपा काबिज है। राजनीतिक रस्सा-कस्सी के बीच विकास कार्यों को लेकर निश्चित मापदंड से कार्य नहीं हो रहे है। गौर करने वाली बात यह है कि जिनके नाम से ठेका कार्यों का होता है, वे ठेकेदार कार्य को झांकने तक नहीं जाते हैं। नपा के पदाधिकारी विकास कार्य होने का दावा कर रहे हैं। परंतु जमीनी हकीकत कुछ और है। अभी भी यह नगर पालिका धूल-गंदगी से मुक्त नहीं हो पाया है। पालिका में 15 वार्ड हैं, जहां अनेक समस्याएं व्याप्त हैं। नागरिकों के मंशानुरूप कार्य नहीं होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

लोगों में भारी आक्रोश

यहां धीमी रफ्तार से कार्य होने से लोगों के बीच असंतोष पनप रहा है, उदाहरण के तहत सांई मंदिर स्थित लाखों रुपये की लागत से गार्डन का जीर्णोद्धार की मंशा से तहस-नहस कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक सांई मंदिर सौंदर्यीकरण के लिए सन 2011 में 16 लाख रुपये खर्च किये गए थे, यह राशि भी बर्बाद हो गई है। इसके बदले वर्तमान में 35 लाख रुपये खर्च करने की योजना तैयार की गई है। परन्त वर्तमान में यह कार्य बंद है। लोग गार्डन बनने का इंतजार कर रहे हैं। इसी तरह रावनभाठा के सामने सड़क किनारे ओपन गार्डन का निर्माण किया गया है, कितनी राशि में यह ओपन गार्डन बनी है, इसका भी उल्लेख नहीं है। जबकि यह ओपन गार्डन सड़क के किनारे गैर तकनीकी से बनाया गया है। इसलिए की सड़क चौड़ीकरण के कार्य होंगे तो इस ओपन गार्डन को तोड़ना पड़ जाएगा। ओपन गार्डन के नाम पर शासकीय राशि की बर्बादी होना तय है।

तीन पदाधिकारियों की तिगड़ी में सिमटी नपा

नगर पालिका में पदाधिकारी जरूर अपने आपको जागरूक होने का दावा करते हैं, किंतु पदाधिकारियों की तिगड़ी में ही कार्य सिमटकर रह गया है। जनता के मंशानुरूप कार्य नहीं हो रहे हैं। लाखों रुपये के चल रहे अधोसंरचना के कार्यों में पारदर्शिता का अभाव है। कुल मिलाकर देखा जाए तो नगर पालिका में विकास कार्य अव्यवस्थाओं से घिरा हुआ है। एक बार जरूर कलेक्टर प्रभात मलिक ने नगर का भ्रमण कर व्यवस्था सुधारने के लिए पहल की थी, इसके बावजूद स्थिति जस की तस है। मुख्यालय के नगर पालिका को सजाने सवांरने की दिशा में ठोस पहल की आवश्यकता है, चौक-चौराहे से लेकर अनेक वार्डों को संवारा जा सकता है। परंतु इस दिशा में कार्ययोजना बनाई गई है कि नहीं कोई बताने को तैयार नहीं है।

छत्तीसगढ़ में दिव्यांगजन के सशक्तिकरण को किया जा रहा प्रोत्साहित

हर दिव्यांग के सुख-दुख में साथ खड़ी है राज्य सरकार : भेंड़िया

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 3 दिसंबर के अवसर पर नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया के मुख्य आतिथ्य और समाज कल्याण मंत्री अनिला भेंड़िया की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग द्वारा राजधानी रायपुर स्थित जोरा ग्राउंड में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस समारोह 2022 का आयोजन किया गया। समारोह में अतिथियों ने उत्कृष्ट कार्य के लिए 8 विभिन्न श्रेणियों में दिव्यांगजन राज्य स्तरीय पुरस्कार दिए और 20 दिव्यांगजनों को अत्याधुनिक कृत्रिम बायोनिक हाथ, कृत्रिम पैर निःशुल्क प्रदान किए गए। निःशक्तजन के कल्याण हेतु उत्कृष्ट कार्य के लिए सर्वोत्तम जिला श्रेणी में दुर्ग जिले को राज्य स्तरीय पुरस्कार 2022 से सम्मानित किया गया। समारोह में दुर्ग कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने शील्ड, प्रमाण पत्र, प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। अतिथियों ने बुजुर्गजन, दिव्यांगजन एवं उभयलिंगी समुदाय के लिए हेल्पलाईन सेंटर का शुभारंभ एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों की डोर-टू-डोर सर्वेक्षण की अंतरिम डाटा संकलन पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर संसदीय सचिव अम्बिका सिंहदेव, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, रायपुर महापौर एजाज ढेबर, जिला पंचायत अध्यक्ष डोमेश्वरी वर्मा, समाज कल्याण विभाग के सचिव भुवनेश यादव, संचालक रमेश कुमार वर्मा, विभागीय अधिकारी कर्मचारी सहित दिव्यांगजन और उनके परिजन उपस्थित थे। नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. डहरिया ने कहा कि दिव्यांगता की चुनौतियों से निपटने के उपाय और समाज के लिए दिव्यांगों का और दिव्यांगों के लिए समाज का योगदान क्या हो इस पर हमें गौर करने की जरूरत है। राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगों के सशक्तिकरण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आर्थिक सशक्तिकरण के छोटे-छोटे कामों से दिव्यांगों के लिए बड़ा काम कर सकते हैं।

समाज कल्याण मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हर दिव्यांग के सुख-दुख में राज्य सरकार साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में दिव्यांगजन के लिए कई काम किये जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में दिव्यांगों के लिए नौकरी में 7 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। साथ ही राज्य में नौकरी में बड़ी संख्या में दिव्यांगों को भी रखा गया है, जिसकी सराहना केंद्र ने भी की है।इस अवसर पर अतिथियों ने दिव्यांग बच्चों द्वारा तैयार पेंटिंग, कलात्मक वस्तुओं और सजावटी सामानों का भी अवलोकन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने रंगा-रंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी, जिसे देख दर्शक दीर्घा में मौजूद दिव्यांगजन अति प्रसन्न हुए। बैंगलोर से आए डॉ. पाशा गुरूजी की टीम ने व्हीलचेयर पर शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी। इस नृत्य की खास बात यह है कि इसके नर्तक मूकबधिर थे, परन्तु संगीत की धुन पर उन्होंने आकर्षक प्रस्तुति दी।

ग्राम सलोरा शराब बनाना, बेचना और पीना तीनों पर सख्त पाबंदी

कोरबा/नवप्रदेश। प्रदेश में शराबबंदी हो या न हो पर कोरबा में एक गांव में पंचायत ने शराबबंदी लागू कर दी है, जहां शराब बेचने और खरीदने वाले दोनों पर 10-10 हजार और पीने वाले पर 5 हजार रुपए दंड लगाया जाएगा।

पंचायत ने पुलिस के निजात अभियान से प्रेरित होकर यह कदम उठाया है। जिले के कटघोरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम सलोरा में बड़ों के साथ ही बच्चे भी शराब के नशे की गिरफ्त में आ रहे थे, क्योंकि सलोरा समेत आसपास गांव में सरलता से महुआ शराब मिल जाती है। नशे की वजह से गांव से आए दिन मारपीट, गाली-गलौज का मामला कटघोरा थाना पहुंच रहा था। कटघोरा थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौर ने वहां नशे के कारण होने वाले अपराध पर रोकथाम के लिए 3 सप्ताह पहले निजात अभियान के तहत कैंप लगाया, जहां ग्रामीणों को एसपी संतोष सिंह ने शुरू किए गए निजात अभियान के बारे में जानकारी दी।

साथ ही ग्रामीणों को नशामुक्ति के लिए अभियान में शामिल होने प्रेरित किया। तब ग्रामीणों ने शराबबंदी के लिए कदम उठाने पर पुलिस के सहयोग की जरूरत बताई। टीआई राठौर ने उन्हें पुलिस की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया था, जिसका परिणाम यह रहा कि सलोरा गांव में शराबबंदी प्रतिबंधद्ध का निर्णय लिया। शराबबंदी प्रभावी रूप से सफ ल हो, इसके लिए दंड का प्रावधान भी तय किया गया। सलोरा पंचायत में शराब बनाने के अलावा बेचने.खरीदने वाले पर 10-10 हजार रुपए का दंड तय किया है। वहीं गांव में खुले में शराब पीते पकड़े जाने पर 5 हजार रुपए दंड लगाया जाएगा। वहीं शराबबंदी के लिए जरूरी सूचना देने वाले को पंचायत की ओर से 5 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। यहां तक कि गांव में सामाजिक कार्यक्रम में शराब पिलाने पर भी पाबंदी लगाई गई है। इसके बाद भी शराब पिलाने पर आयोजक पर 10 हजार और सभा में शराब पीकर पहुंचने पर 5 हजार रुपए व गांव में नशे में गाली.गलौज करने पर 5 हजार रुपए का दंड तय किया है।

सलोरा सरपंच महेश्वरी तंवर ने कहा गांव में शराबखोरी के कारण सभी परिवार परेशान हैं। कटघोरा पुलिस की मदद से गांव को शराब मुक्त करने का बीड़ा उठाया है। महिला समूह भी बनायाए जिसमें 35 महिलाएं हैं। उन्हें अलग-अलग 3 मोहल्ले में निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है। शराब बनाना, बेचना और पीना तीनों पर सख्त पाबंदी लगाई गई है। इसका पालन नहीं करने पर दंड तय किया गया है। कटघोरा थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी राठौर ने कहा निजात अभियान के तहत 18 नवंबर को सलोरा में बैठक लेकर ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक किया था। पंचायत ने सराहनीय कदम उठाते हुए गांव में शराब पर प्रतिबंध लगा दिया है। पंचायत के सहयोग के लिए पेट्रोलिंग टीम पहुंच रही है।

इनोवा-पिकअप में टक्कर, 4 घायल

कोरबा/नवप्रदेश। शनिवार को एसईसीएल विश्रामपुर में कार्यरत कर्मचारियों को लेकर कोतमा आ रही इनोवा को अंबिकापुर के पास पिकअप ने टक्कर मार दी। घटना में 4 एसईसीएल कर्मी घायल हो गए। बताया गया कि कोतमा में एसईसीएल इंटर एरिया क्रिकेट टूर्नामेंट हो रहा है। जहां रविवार को विश्रामपुर का मुकाबला दीपका से होना है। इनोवा नंबर सीजी 15.एई .4555 से विश्रामपुर टीम के सदस्य कोतमा आ रहे थे। तभी अंबिकापुर से सब्जी मंडी जा रही पिकअप नंबर एमपी 18.क्यूए.1386 ने इनोवा को टक्कर मार दी। पिकअप रोड के आगे एक घर के पास पलट गई। इनोवा में बैठे रंजीत मिश्रा की स्थिति गंभीर होने से उन्हें अपोलो बिलासपुर रेफर किया गया है। अजय नायरए भुनु स्वाई व एक अन्य का कोतमा अस्पताल में इलाज किया गया है।

बाइक पेड़ से टकराई, सवार की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। कटघोरा-पसान मार्ग पर लैंगा घाट के पास सड़क के गड्ढे से बाइक बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में ड्यूटी जा रहे अस्पताल कर्मी की मौत हो गई। कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दैवेभो कर्मचारी के रूप में रवि गुप्ता कार्यरत था, जो किसी काम से गुरुवार को पसान की ओर गया था। यहां से उसी दिन देर शाम वह वापस कटघोरा व्हाया कसनिया रोड से लौट रहा था। इस दौरान लैंगा घाट के पास लहंगा-बहरा मोड पर उसकी बाइक सड़क पर बने गड्ढे में उछल गई, जिससे बाइक बेकाबू होकर सड़क से उतरकर नीचे पेड़ पर टकरा गई। घटनास्थल पर ही रवि गुप्ता की मौत हो गई।

नशा करने से प्रभारी प्राचार्य ने किया मना तो युवक हंसिया लेकर दौड़ाया

कोरबा/नवप्रदेश। एक हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य को गांव के युवक को नशा न करने की समझाइश देना भारी पड़ गया। युवक ने पहले गाली.गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए हंसिया लेकर दौड़ाया। विनय कुमार सिंह तंवर गोपालपुर हाई स्कूल में प्रभारी प्राचार्य हैं जो रोजाना की तरह शुक्रवार सुबह साढ़े 9 बजे अपने घर स्याहीमुड़ी से अपने स्कूल जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में थोड़ी दूर आगे रेवा सिंह नशा करके खड़ा थाए जिसे प्रभारी प्राचार्य विनय कुमार ने पहले नशा नहीं करने की समझाइश देते हुए नशाखोरी करने से मना किया था। इस बात पर रेवा आक्रोशित था। उसने शुक्रवार को प्रभारी प्राचार्य विनय कुमार से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। उसने हाथ में हंसिया रखा था, जिसे लेकर उन्हें मारने दौड़ाया। इस दौरान उन पर हमला भी कर दिया, जिससे प्राचार्य घायल हो गए।

सीबीएसई ने जारी किए मॉडल पेपर फरवरी-मार्च में होगी मुख्य परीक्षा

कोरबा/नवप्रदेश। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल (सीबीएसई) ने बोर्ड परीक्षा के लिए मॉडल पेपर जारी दिए। इससे छात्र.छात्राओं को तैयारी करने में मदद मिलेगी। मॉडल पेपर के अनुसार छात्रों को इस बार दो अंक के 5 सवालए तीन अंक के 6ए चार अंक के 3 सवाल व पांच अंक के 4 सवाल पूछे जाएंगे। इंटर्नल व असाइनमेंट के 20 अंक है। इसी तरह प्रायोगिक विषय होने के कारण जीव विज्ञान, भौतिकी व रसायन के सवालों की संख्या 36 होगी। जो 70 अंक के होंगे। 30 अंक प्रायोगिक परीक्षा के शामिल होंगे। परीक्षा में पूछे जाने वाले चार अंक के 3 सवाल प्रैक्टिकल बेस्ड होंगे। इसके अनुसार प्रत्येक सिंध्दातिक विषयों में 80 और प्रायोगिक विषयों में 70 अंक के कुल 38 सवाल पूछे जाएंगे। इनमें 20 अंक के बहु विकल्पीय प्रश्न होंगे। अति लघुत्तरीय व लघुत्तरीय सवाल भी पूछे जाएंगे। सेंट जेवियर पब्लिक स्कूल के डॉ डीके आनंद ने बताया कि सैंपल पेपर के अनुसार छात्रों की तैयारी कराई जा रही है। सीबीएसई से जारी सेंपल पेपर व प्रश्न बैंक मिलने के बाद स्कूलों में शिक्षक उसका प्रिंट आउट लेकर छात्रों को दे रहे हैं। साथ ही उनके यूनिट टेस्ट में इसी पैटर्न में ही सवाल पूछ रहे हैं, ताकि उन्हें उसके पैटर्न को समझने में आसानी हो और उसके अनुसार सवालों को हल कर सकें। शिक्षा सत्र 2022-23 में निर्धारित समय फरवरी.मार्च में परीक्षा होगी। कुछ दिनों में समय सारणी आ जाएगी। इससे पहले जनवरी में सीबीएसई के छात्रों की प्री.बोर्ड परीक्षाएं होंगी। इसी वजह से समय रहते मॉडल पेपर और प्रश्न बैंक जारी किया गया है। कोरोना काल के दौरान पाठ्यक्रमों को कम किया गया था। जिसके कारण पूरे कोर्स से सवाल नहीं पूछे गए थे। लेकिन इस बार मुख्य परीक्षा में सवाल पूरे कोर्स से पूछे जाएंगे। हालांकि इस बार कुछ पाठों व कुछ टॉपिक को कोर्स में शामिल नहीं किया गया है।

30 पाव देशी प्लेन मदिरा के साथ एक गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कोरबा संतोष सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोरबा अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक कोरबा विश्व दीपक त्रिपाठी' द्वारा 'निजात अभियान' के तहत गांजा एवं अवैध शराब पर प्रभावी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना बालको नगर क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री करने वालों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में 3 दिसंबर को जरिये मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि कृष्ण कुमार केवट पिता स्वर्गीय भागवत केवट उम्र 20 वर्ष अवैध रूप से शराब रखकर विक्रय कर रहा है कि सूचना पर हमराह स्टॉफ एवं गवाह को साथ लेकर मौके पर जाकर रेड कार्यवाही करने पर आरोपी कृष्ण कुमार केवट के कब्जे से 30 पाव देसी प्लेन मदिरा कीमती 2400 करीबन को जप्त किया गया, जिससे आरोपी का कृत्य धारा सदर 34 -2, आबकारी अधिनियम का अपराध घटित करना पाये जाने से आरोपी के खिलाफ 'अपराध क्रमांक 725/2022 धारा 34 -2, आबकारी अधिनियम' कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया।

सदन में दी गलत जानकारी, शिक्षा विभाग के अफसर पर हो सकती है कार्रवाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र इस माह से आरंभ हो रहा है और 6 जनवरी 2023 को शिक्षा मंत्री को पूछे गए सवालों का जवाब सदन में प्रस्तुत करना है, जिसको लेकर विभाग ने तैयारी आरंभ कर दिया है।

वहीं पूर्व में आदित्य खरे द्वारा सदन में बंद स्कूलों और उसमें प्रवेशित आरटीई के गरीब बच्चों को अन्य स्कूलों में प्रवेश दिलाने के संबंध में मिथ्या जानकारी प्रस्तुत किया गया है, जिसको लेकर छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन उनके विरूद्ध कार्यवाही की मांग कर रहा है। शिक्षा विभाग राजनांदगांव के द्वारा लगातार छत्तीसगढ़ विधानसभा में आरटीई गरीब बच्चों के संबंध में झूठी जानकारी प्रस्तुत किया जा रहा है। झूठी जानकारी भेजने वाले आदित्य खरे के खिलाफ एफआईआर दर्ज होना चाहिए था, लेकिन अनेकों लिखित शिकायत के बावजूद आज तक इस संबंध में जांच तक नहीं कराया गया। जानकार बताते है कि 10 वर्षो में 4 हजार गरीब बच्चों ने प्रायवेट स्कूल छोड़ दिया और वे आज कहां है, इसकी जानकारी जिम्मेदार अधिकारी के पास नहीं है। वैसे ही कोरोना काल वर्ष 2019 से लेकर 2021 में लगभग 45 प्रायवेट स्कूल बंद हुए, इसमें लगभग 1500 आरटीई के गरीब बच्चे पढ़ रहे थे, वे आज कहां है यह भी इस जिम्मेदार अधिकारी को नहीं मालूम और सैकड़ों बच्चें शिक्षा और स्कूल से वंचित हो गए, लेकिन इस जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ तक कोई कार्यवाही नहीं हुआ, जिससे नाराज पीड़ित पालक अब इसके लिए कलेक्टर और डीईओ जिम्मेदार मान रहे है।